डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-5



PG-5

सिनेमा- उदयपुर हत्याकांड पर भड़के अनुपम खेर-विवेक अग्निहोत्री

वर्ष -08 अंक -105 | प्रयागराज, गुरुवार 30 जून, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में जी 20 सम्मेलन में नहीं शामिल नहीं पुतिन यूक्रेन युद्ध के बीच बोले इटली के पीएम

**कीवी।** इंडोनिशया में 15-16 नवंबर के शिखर सम्मेलन में पुतिन के शामिल होने से अजीब राजनयिक स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसे लेकर रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन पहले ही आशंका जता चुका है। इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने कहा है कि जी-20 समूह के इस साल के अध्यक्ष इंडोनिशिया ने नवंबर में बाली में होने वाली समूह की बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत मौजूदगी से इनकार किया है। इंडोनिशया में 15-16 नवंबर के शिखर सम्मेलन में पुतिन के शामिल होने से अजीब राजनयिक स्थिति उत्पनन हो सकती है। इसे लेकर रूसी राष्ट्रपति भवन- क्रेमलिन पहले ही आशंका जता चुका है। समूह की अध्यक्षता इंडोनिशया को सौंपे जाने से पहले जी-20 का अध्यक्ष इटली था। द्राघी ने मंगलवार को कहा कि शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए जी-7 ने मंगलवार को इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो के प्रति एकजुटता व्यक्त की। क्रेमलिन की इस घोषणा के बारे में पूछे जाने पर कि पुतिन सम्मेलन में शामिल होंगे, द्राघी ने कहा, ''राष्ट्रपति विडोडो ने इसे खारिज किया है। वह (पुतिन) नहीं आ रहे। मैं नहीं जानता कि क्या हो सकता है लेकिन क्या हो सकता है-यह कहना दूर की बात है।

## ठाकरे सरकार के लिए संकट की घड़ी कल विधानसभा में साबित करना होगा बहुमत

**महाराष्ट।** सियासी संकट के बीच राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने विधानसभा का विशेष सत्र बुला लिया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान गुरुवार को फ्लोर टेस्ट भी कराया जाएगा, जिसमें उद्धव ठाकरे को बहुमत साबित करना होगा। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने विधानमंडल सचिव से गुरुवार को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार का फ्लोर टेस्ट कराने को कहा है। यह पत्र सत्तारूढ़ शिवसेना में वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा बागी रुख अपनाने के बाद आया है, जो पिछले सप्ताह से पार्टी के अधिकांश विधायकों और कई निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, जिससे ठाकरे की अगुवाई वाली सरकार संकट में घिर गयी है। जानें राज्यपाल ने पत्र में क्या लिखा था महाराष्ट्र विधानभवन के प्रधान सचिव राजेंद्र भागवत को लिखे पत्र में कोश्यारी ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा का एक विशेष सत्र 30 जून (गुरुवार) को पूर्वाह्न 11 बजे बुलाया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री के खिलाफ विश्वास प्रस्ताव पर मतदान एकमात्र एजेंडा होगा और किसी भी सूरत में सदन की कार्यवाही शाम पांच बजे तक पूरी करनी होगी। पत्र में कहा गया है कि सदन की कार्यवाही का लाइव प्रसारण किया जाएगा और इसके लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। फडणवीस ने राज्यपाल से की मुलाकात शिवसेना के नेता एवं मंत्री एकनाथ शिंदे की बगावत से महाराष्ट्र में उत्पनन राजनीतिक स्थिति के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार रात को राजभवन में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। फडणवीस ने कोश्यारी से अनुरोध किया कि वह उद्धव ठाकरे सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहें। फडणवीस ने दावा किया कि शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन सरकार अल्पमत में प्रतीत हो रही है क्योंकि शिंदे गुट के 39 शिवसेना विधायकों ने कहा है कि वे सरकार का समर्थन नहीं करते हैं। शिंदे गुरुवार यानी कल मुंबई लौटेंगे वहीं शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि वह महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के खिलाफ विधानसभा में शक्ति परीक्षण के लिए गुरुवार को मुंबई जाएंगे। शिंदे ने मंदिर के बाहर पत्रकारों से कहा कि वह औपचारिकताएं पूरी करने के लिए गुरुवार को मुंबई लौटेंगे। इसका मतलब है कि वह नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया में भाग लेंगे।



## पाकिस्तानी रेंजर्स ने की बीएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक, सीमा सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा.......

**नई दिल्ली।** भारतीय पक्ष का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कमांडेंट जी एल मीणा ने किया और दूसरे पक्ष का नेतृत्व पाकिस्तान और दूसरे पक्ष का नेतृत्व पाकिस्तान रेंजर्स के विंग कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मुराद अली खान ने किया। इस तरह की बैठकें सीमा



रेंजर्स के विंग कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मुराद अली खान ने किया। राजस्थान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भारत और पाकिस्तान के सीमा बलों के बीच जमीनी कमांडर स्तर की बैठक हुई। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। बैठक मंगलवार राज्य के बाड़मेर जिले के मुनाबाव में हुई। भारतीय पक्ष का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कमांडेंट जी एल मीणा ने किया सुरक्षा के लिए जरूरीः बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह की बैठकें स्थानीय कमांडर (बटालियन) स्तर पर सीमा सुरक्षा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए होती हैं। बीएसएफ 3,300 किलोमीटर से अधिक लंबी भारत-पाकिस्तान आईबी की रक्षा करता है जो देश के पश्चिमी हिस्से में जम्मू (जम्मू और कश्मीर), पंजाब, राजस्थान और गुजरात के साथ चलती है।

## अपने खिलाफ दिए गए फैसले को उलटने की कोशिश में माल्या, ब्रिटेन की अदालतों में दोबारा कर रहे अपील

**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में भारत में अलग से वांछित 66 वर्षीय व्यवसायी माल्या ब्रिटेन में जमानत पर रहता है। पांच साल से अधिक समय से ब्रिटेन में रह रहे संकटग्रस्त व्यवसायी विजय माल्या पिछले साल जुलाई में लंदन में हाई कोर्ट द्वारा उन पर लगाए गए दिवालियापन के आदेश को उलटने की कोशिश में ब्रिटेन की अदालतों में अपील कर रहे हैं। सोमवार को लंदन में हाई कोर्ट के चांसरी डिवीजन में एक मामले के प्रबंधन की सुनवाई में न्यायमूर्ति टॉम लीच ने निष्कर्ष निकाला कि मामले में एक दूसरे से जुड़ी सुनवाई के एक सेट को एक साथ सुना जाएगा। मामले में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में भारतीय बैंकों का एक संघ शामिल है, जो अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस पर लगभग 1.05 बिलियन ग्रेट ब्रिटेन पाउंड के ऋण की अदायगी की मांग कर रहा है, अब इसके अगले साल सुनवाई में आने की संभावना है। धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में भारत में अलग से वांछित 66 वर्षीय व्यवसायी माल्या ब्रिटेन में जमानत पर रहता है। इस बीच उनके वकीलों ने तर्क दिया है कि भारतीय बैंक भारत और यूके दोनों में उनके खिलाफ समान ऋण का मामला बना रहे हैं। इस हफ्ते अदालत को बताया गया कि दिवालियापन की कार्यवाही ने माल्या की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है और भारत में पहले से ही जब्त की गई संपत्ति हिसाब रखने में विफल रहा है। माल्या के दिवालियापन आदेश अपील और याचिका संशोधन अपील के अलावा बैंकों ने उनकी कुछ संपत्तियों पर रखी गई सुरक्षा को लेकर मई 2020 के आदेश के कुछ हिस्सों के खिलाफ अपील की है।



## सीमाओं पर तस्करी के हजारों हथियार जब्त करता है भारत

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में फिलिस्तीन के सवाल पर बोलते हुए, भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि भारत भी मासफर यट्टा के घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए है और उसे इस बात की चिंता है कि फिलिस्तीनी परिवारों के संभावित कानूनी निष्कासन पर तनाव बढ़ गया है। छोटे आयुध और हल्के हथियारों को नियंत्रित करने के लिए भारत में एक मजबूत कानून-आधारित ढांचा होने के बावजूद यहां की सुरक्षा एजेंसियां हर साल भारत की सीमाओं से अवैध तस्करी के रूप में हजारों अवैध अधिकार जब्त करती हैं। ये इस बात का साफ संकेत है कि यूएन प्रोग्राम ऑफ एक्शन (यूएनपीओए) के कार्यान्वयन के लिए और ज्यादा प्रभावी प्रयासों की जरूरत है। छोटे आयुध और हल्के हथियारों (एसएएलडब्ल्यू) पर कार्रवाई के कार्यक्रम पर देशों की आठवीं द्विवार्षिक बैठक में सोमवार को बोलते हुए भारत के विदेश मंत्रालय के निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव संदीप आर्य ने यह कहा। उन्होंने कहा कि भारत यूएनपीओए के पूर्ण और प्रभावी कार्यान्वयन को भारत में अवैध व्यापार को रोकने, मुकाबला करने और उन्मूलन के बहुपक्षीय प्रयासों की आधारशिला के रूप में देखता है।हम विशेष रूप से सशस्त्र संघर्षों को कम करने और आतंकवाद के संकट से निपटने में यूएनपीओए के महत्व पर जोर देते हैं जो दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

## ऑस्ट्रेलिया में पांच साल में 48 फीसदी बढ़े भारतीय

**ऑस्ट्रेलिया।** पिछली जनसंख्या के बाद आए 10 लाख अप्रवासियों में से दो लाख से ज्यादा रही तादाद ऑस्ट्रेलिया की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक, देश की लगभग आधी आबादी (48.6 प्रतिशत) ऐसी है जिनके माता या पिता में से कम से कम कोई एक विदेश में जन्मा था। साल 2017 की जनगणना के बाद से देश में दस लाख से ज्यादा (1,020,007) आप्रवासी आकर बसे हैं। ऑस्ट्रेलिया की आबादी दो करोड़ 57 लाख से ज्यादा हो गई है। ताजा जनगणना के मुताबिक, देश में भारतीय मूल के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऑस्ट्रेलिया में 27 प्रतिशत से ज्यादा (27.6 फीसदी) लोग ऐसे हैं, जिनका जन्म विदेशों में हुआ है। विदेश में जन्में लोगों में भारतीयों की संख्या में 2,17,963 लोगों (सबसे अधिक) की वृद्धि हुई है। भारत ने चीन और न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ दिया है। इसके बाद अब ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बाद तीसरे नंबर पर आ गया है। मंगलवार को जारी ऑस्ट्रेलिया की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक, देश की लगभग आधी आबादी (48.6 प्रतिशत) ऐसी है जिनके माता या पिता में से कम से कम कोई एक विदेश में जन्मा था। साल 2017 की जनगणना के बाद से देश में दस लाख से ज्यादा (1,020,007) आप्रवासी आकर बसे हैं। सबसे ज्यादा विदेशी आप्रवासी भारत से आए हैं। दूसरी सबसे ज्यादा वृद्धि नेपाली मूल के लोगों की संख्या में हुई है। ऑस्ट्रेलिया में नेपालियों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा (123.7 फीसदी) बढ़ी है और 2016 के बाद से 67,752 ज्यादा लोग नेपाल से आकर ऑस्ट्रेलिया में बसे हैं। भारतीयों की आबादी बढ़ी 2016 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की आबादी में लगभग 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस जनगणना के मुताबिक, 2021 में एक जून को देश में 6,73,352 लोग रह रहे थे। जो कि 2016 की संख्या (4,55,389) से 47.86 प्रतिशत ज्यादा थे।




## मंकीपॉक्स से नाइजीरिया में पहली मौत दुनिया में अब तक मिले 3413 मामले

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में 793, स्पेन में 520, पुर्तगाल में 317, नीदरलैंड में 167, जर्मनी में 521, फ्रांस में 277, अमेरिका में 147 और कनाडा में 210, बेल्जियम में 77, इटली में 85 और स्विट्ज़रलैंड में 46 मरीज अब तक मंकीपॉक्स संक्रमित मिल चुके हैं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नाइजीरिया में मंकीपॉक्स से पहली मौत होने की पुष्टि की है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 50 देशों में अब तक मंकीपॉक्स के 3413 मामले मिले हैं। इनमें से नाइजीरिया में 41 संक्रमित हैं भारत के लिए राहत की बात यह है कि यहां अभी मंकीपॉक्स का एक भी मरीज नहीं है। उत्तर प्रदेश-महाराष्ट्र सहित करीब सात राज्यों से जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए सैंपल में कोई पॉजिटिव रिपोर्ट नहीं मिली है। डब्लूयूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार 17 से 22 जून के बीच आठ नए देशों में 1310 मामले सामने आए हैं। भारत में बीते माह स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रत्येक संदिग्ध सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने का आदेश दिया था। पुणे स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) की लैब में सैंपल भेजने के लिए कहा गया था। एक मई से 23 जून के बीच 16 सैंपल की जांच की गई, जिनमें एक में भी मंकीपॉक्स संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है दो सप्ताह में आठ सैंपल, सभी फेल एनआईवी निदेशक डॉ. प्रिया अब्राहम ने बताया कि दो सप्ताह में आठ सैंपल आए, लेकिन सभी फेल हो गए। किसी व्यक्ति के संक्रमित होने का संदेह होने के लिए बीते 21 दिन के दौरान उनकी यात्रा विवरण होना आवश्यक है। इसके अलावा सूजन, बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द और गहरी कमजोरी जैसे लक्षण महसूस किए जा रहे हैं तो उसे तत्काल जांच करानी चाहिए। इन देशों में सबसे ज्यादा मामले रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में 793, स्पेन में 520, पुर्तगाल में 317, नीदरलैंड में 167, जर्मनी में 521, फ्रांस में 277, अमेरिका में 147 और कनाडा में 210, बेल्जियम में 77, इटली में 85 और स्विट्ज़रलैंड में 46 मरीज अब तक मंकीपॉक्स संक्रमित मिल चुके हैं।



## नीरव के आत्महत्या के जोखिम पर मनोचिकित्सकों का पक्ष सुनेगी ब्रिटिश कोर्ट

**नई दिल्ली।** नीरव मोदी भारत में पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले के मामले में करीब दो अरब डॉलर के धनशोधन और धोखाधड़ी के आरोपों में वांछित है और उसने यहां की एक निचली अदालत के प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ पिछले साल मानसिक सेहत के आधार पर अपील दायर की थी।भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित किये जाने की स्थिति में उसके खुदकुशी की कोशिश करने के जोखिम के स्तर पर दो मनोचिकित्सकों की अलग-अलग राय पर लंदन का हाईकोर्ट उनका पक्ष सुनेगा। दो न्यायाधीशों की समिति ने मंगलवार को पहले से जारी अपील में सुनवाई के दौरान यह व्यवस्था दी। न्यायाधीश जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और रॉबर्ट जे ने कहा कि संभवतः अक्तूबर में कोई तीन दिन 51 वर्षीय हीरा कारोबारी से जुड़े प्रत्यर्पण के मामले में साक्ष्यों की स्थिति में बदलाव पर ध्यान देने के लिहाज से महत्वपूर्ण सुनवाई के लिए अलग रखे जाएंगे।नीरव मोदी भारत में पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाले के मामले में करीब दो अरब डॉलर के धनशोधन और धोखाधड़ी के आरोपों में वांछित है और उसने यहां की एक निचली अदालत के प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ पिछले साल मानसिक सेहत के आधार पर अपील दायर की थी। नीरव को लेकर मनोचिकित्सकों के बीच मतभेद अदालत ने कहा कि नीरव मोदी की मानसिक सेहत पर विशेषज्ञ राय देने वाले दो मनोचिकित्सकों के बीच मतभेद हैं। अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों को निर्देश दिया कि विशेषज्ञों के बीच बैठक कराई जाए ताकि मामलों पर एक ज्ञापन तैयार किया जा सके जिस पर वे सहमत हों। भारतीय प्राधिकारों की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के लिए हेलेन मैल्कम क्यूसी ने मामले में बचाव पक्ष द्वारा पेश की जाने वाली किसी अतिरिक्त सामग्री की सीमा तय करने की वकालत की। नीरव की ओर से एडवर्ड फित्जगेराल्ड क्यूसी ने दावा किया कि डिस्ट्रिक्ट जज सैम गूजी ने पिछले साल फरवरी में उनके मुवक्किल के प्रत्यर्पण का आदेश देने में गलत परीक्षण को आधार बनाया है। इस साल के आखिर में तीन दिन की अगली सुनवाई में कुछ अन्य मुद्दों पर विचार किया जा सकता है जिनमें मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक 12 में निजी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं तथा भारत सरकार के आश्वासनों की प्रासंगिकता भी शामिल होगी। इसी बैरक में नीरव मोदी को प्रत्यर्पण के बाद सुनवाई से पहले रखे जाने की बात है।







# ऑनलाइन प्लेसमेंट सर्विस सेंटर के नाम से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के 07 अपराधी गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
आशीष त्रिवेदी

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक श्री घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ीध्साइबर फ्रॉड आदि में संलिप्त अपराधियों की नियमानुसार शीघ्र गिरफ्तारी एवम् अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री एन.पी. सिंह के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगरध्क्राइम श्री पीयूष सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित व प्रकाश में आये कुल 07 अभियुक्तों 1.हीरा सैनी पुत्र घुरन सैनी नि0 बिरसार थाना सकरी जिला मधुबनी, बिहार 2.संतोष मुखिया पुत्र उचित मुखिया नि0 ग्राम रईमा कुठिया थाना भैरो स्थान झंझारपुर जिला मधुबनी, बिहार 3.रमेश मुखिया पुत्र बिकाउ मुखिया नि0 लालगंज जिला मधुबनी, बिहार 4.राजू मुखिया पुत्र रघु मुखिया नि0 ग्राम रईमा कुठिया थाना भैरो स्थान झंझारपुर जिला मधुबनी, बिहार 5.जोगेंद्र सैनी पुत्र घुरन सैनी नि0 बिरसार थाना सकरी जिला मधुबनी, बिहार 6.लाल मुखिया पुत्र झोटन मुखिया नि0 झंझारपुर पुरानी बाजार थाना झंझारपुर जिला मधुबनी, बिहार 7.छोटी पुत्र जोहन नि0 उडिकेल थाना उडिकेल, झारखंड को वैदेही वाटिका, हाइवे से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके कब्जे से 18 अदद स्मार्ट फोन, 06 अदद कीपैड मोबाइल, 04 अदद कूटरचित दस्तावेज(दिल्ली संविभाग द्वारा जारी प्लेसमेंट सर्विस के सर्टिफिकेट), 01 अदद





कूटरचित दिल्ली पुलिस कैरेक्टर सर्टिफिकेट, 08 अदद कूटरचित क्लाइंट एग्रीमेंट, 02 अदद मोहर, 03 अदद पिट्ठू बैग, 48 अदद सिम कार्ड(जिससे क्लाइंट को झांसे मे लेते थे), 4,500ध्रुपये नगद बरामद हुआ है। अभियुक्तों के बैंक अकाउंट में ग्राहको के 3 लाख 71 हजार रुपये सीज कराने की कार्यवाही की जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। अपराध करने का तरीका–अभियुक्तो का एक संगठित गिरोह है, जिसके सदस्य बिहार, झारखंड व अन्य राज्यों के निवासी है। इस गिरोह का संचालन दिल्ली से हो रहा था जोकि सुलेखा एप्प के माध्यम से भिन्न भिन्न प्लेसमेंट सर्विस के नाम से आई.डी.ध्रजिस्ट्रेशन कराकर गूगल पर घर के कार्यों हेतु नौकरध्नौकरानी उपलब्ध कराने के लिये भ्ळड्म ड।प्क ैम्टप्ब्म् का विज्ञापन देते थे। जिस पर क्लाइंटध्ग्राहक द्वारा एप पर उपलब्ध कराये गये नंबरो पर संपर्क किया जाता था। जिस पर क्लाइंटध्ग्राहक से एडवांस की मांग की जाती थी। क्लाइंट द्वारा बताया जाता था कि एडवांस नौकरध्नौकरानी के घर आने पर दिया जायेगा। इसी क्रम में उक्त अभियुक्तों द्वारा क्लाइंट के घर पर एक पुरुष व एक महिला जाते थे व क्लाइंट से एडवांस लेकर नौकरध्नौकरानी को छोड़कर चले जाते थे। कुछ घंटो बाद नौकर कुछ सामान लेने के बहाने से बाहर जाता था और भाग जाता था एवम् फोन बंद कर लेता था। बाद में क्लाइंट द्वारा एप पर उपलब्ध नंबर पर कॉल करने पर अभियुक्तगण द्वारा गालीगलौज देकर नंबर को ब्लॉक कर दिया जाता है। पंजीकृत अभियोग–मु0अ0सं0 304ध्22 धारा 419ध्420ध्468ध्467ध्471 भा0द0वि0 थाना कोतवाली नगर सीतापुर। पुलिस टीम थाना कोतवाली नगर– प्रभारी निरीक्षक श्री तेज प्रताप सिंह,उ0नि0 श्री दिनेश तिवारी, उ0नि0 श्री रामसुमेर साहनी स्वाट पुलिस टीम दृ उ0नि0 श्री सतेंद्र विक्रम सिंह, आरक्षी रवि वर्मा,आरक्षी आनंद कुमार, आरक्षी राहुल कुमार, आरक्षी अंकुर चौधरी,आरक्षी अनुराग।

# पांच दिन तक बेटी के शव के साथ घर में बंद रहा परिवार, बीमार मिले 11 परिजन

**प्रयागराज।** करछना क्षेत्र के डीहा गांव में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक परिवार 18 वर्षीय बेटी अंतिमा यादव के शव के साथ पांच दिन तक घर के भीतर बंद रहा। दुर्गंध आने पर ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। भीतर जाने पर घर में 11 अन्य सदस्य भी बीमार पड़े मिले। इनमें पहुंची। घर के भीतर जाने पर पर अंतिमा का शव पड़ा मिला। शव कई दिन पुराना था और इसी से दुर्गंध आ रही थी। यही नहीं घर के भीतर कई अन्य सदस्य भी बीमार पड़े मिले। इनमें मृतका के अलावा उसकी तीन बहनें, तीन भाई व उनके पांच बच्चे शामिल हैं। इनमें अभयराज की नतिनी कृति(5) की हालत बेहद गंभीर थी। सभी को देते थे। बेटी अंतिमा की हालत बिगड़ने पर उसने एक बार फिर दवा कराने को कहा तो सभी ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया। पांच दिन से वह कमरे में बंद था। डीहा गांव में रहने वाले अभयराज के घर पहुंचे पुलिस अफसर परिजनों की हालत देख दंग रह गए। जांच पड़ताल में जब यह पता चला कि घर के कुछ सदस्य पिछले कई दिनों



से एक की हालत गंभीर थी। पुलिस ने सभी को अस्पताल भेजवाया है। जहां उनका इलाज जारी है। डीहा गांव निवासी अभयराज यादव प्राइवेट नौकरी करता था। कोरोना संक्रमण के दौरान नौकरी छूटने पर वह घर पर ही रहने लग। उसकी पांच बेटियां व तीन बेटे हैं। चार बेटियों की शादी हो चुकी है और एक को छोड़कर तीन बेटियां इन दिनों मायके में ही थीं। मंगलवार दोपहर घर से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने सूचना दी तो पुलिस अस्पताल भेजवाया गया। इनमें से चार को एसआरएन में भर्ती कराया गया है।घटना की जानकारी मिली तो सीओ करछना, एसपी यमुनापार के साथ ही एसडीएम व अन्य अफसर भी आ गए। उन्होंने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि अभयराज को छोड़कर परिवार के अन्य सभी सदस्य बीमार थे। लेकिन वह दवा कराने की बजाय झाड़-फूंक में लगे थे। अभयराज ने बताया कि वह विरोध करता तो बेटे व बेटियां उसे डांट-डपटकर चुप करा से बीमार थे। चौंकाने वाली बात यह है कि विवाहित बेटियों की भी हालत ठीक नहीं थी। अफसरों को जब यह पता चला कि घर में कई-कई दिनों तक खाना नहीं बनता था और परिवार के लोग सिर्फ गंगाजल पीते थे तो वह स्तब्ध रह गए। अभयराज की बड़ी बेटी मीरा(35) की शादी गुनई, मेजा में हुई है। वह डेढ़ माह पहले दो बेटियों व एक बेटे के साथ मायके आई थी। जिनमें से कृति की हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी। दूसरी बेटी रेखा (33)की शादी मेजा के ही भष्का गांव में हुई है और वह भी दो बच्चों संग दो दिन पहले ससुराल से आई थी। तीसरी बेटी रेनू (28) नैनी स्थित ससुराल में है। चौथी बेटी बीनू (26) शादी के बाद से ही बीमार है और पिछले तीन साल से मायके में थी लेकिन दवा की जगह झाड़-फूंक से उसका इलाज चल रहा था। उधर तीन बेटों में आर्यन(25), मानसिंह (23) व ज्ञान सिंह(21) शामिल हैं। आर्यन डेढ़ साल पहले तक मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था लेकिन बाद में घर चला आया। पुलिस ने अभयराज से पूछताछ की तो उसने बताया कि परिवार के लोग गंगाजल पीकर रहते थे। उधर ग्रामीणों ने बताया कि वह कई-कई दिनों तक खाना भी नहीं बनाते थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि परिवार पढ़ा लिखा है। अभयराज के सभी बच्चे ग्रेजुएशन कर चुके हैं। ऐसे में सभी हैरान थे कि परिवार अंधविश्वास के फेर में आखिर कैसे फंस गया। उधर सूचना पर अफसर पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें घर के भीतर घुसने से भी रोक दिया। काफी मान-मनौव्वल के बाद भीतर दाखिल हो सकी और इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आसपास के लोगों से नहीं रखते थे कोई मतलब परिवार बीते डेढ साल से रिश्तेदार व आस-पास के लोगों से कोई मतलब नहीं रखता था। पड़ोसियों ने बताया कि उनके पास खेत है लेकिन दो साल से खेती नहीं की जा रही है। परिवार के कुछ लोग रोज गंगा सनन कर जल लाते थे। एक और चौंकाने वाली बात यह है कि वह घर में अंदर जाने के लिए दरवाजे की जगह खिड़की का इस्तेमाल किया करते थे। देवी की पूजा कर किया करते थे झाड़-फूंक परिवार किसी देवी की पूजा करता था और उन्हीं के नाम पर झाड़-फूंक किया करता था। चौथी बेटी बीनू शादी के बाद से ही बीमार थी और उसकी का घर के अंदर ही इलाज किया जा रहा था।

# घर-घर दस्तक देकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को बनाएं सफल-जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में बैठक की।उन्होंने निर्देश दिया कि घर-घर दस्तक देकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनावें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 01 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा तथा 16 जुलाई से 31 जुलाई तक घर-घर जाकर दस्तक अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत शिक्षा विभाग, पंचायती राज, महिला एवं बाल कल्याण, ग्राम्य विकास, पशुपालन, जल निगम, नगर विकास, कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अभियान के अन्तर्गत जहाँ एक ओर निरोधात्मक कार्यवाहियाँ की जानी है वहीं जन-जागरूकता बढ़ाने के लिये जन जागरण अभियान चलाया जाना है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि प्रतिदिन प्रार्थना के समय 5 मिनट बच्चों को साफ-सफाई एवं संचारी रोग से बचाव के प्रति बच्चों को जानकारी दी जाये ताकि बच्चे स्वयं और अपने अभिभावकों को भी जागरूक कर सके। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वन पेजर पम्पलेट संचारी रोग से बचाव के प्रति तैयार कर शिक्षा विभाग को उपलब्ध करा दिया जाये ताकि बच्चों को जानकारी हेतु उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में डा0 एस0के0 सिंह नोडल अधिकारी (संचारी रोग नियंत्रण अभियान) द्वारा जानकारी उपलब्ध न कराये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि झाड़ियों की कटाई एवं साफ सफाई करायें, गड्ढों का भरा जाये, जल भराव का निस्तारण किया जाये तथा इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प तथा उनके प्लेटफार्म की मरम्मत की करायी जाये। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोस्टर बनाकर फागिंग का कार्य किया जाये, नालियों की साफ-सफाई करायी जाये, कचरा का निस्तारण किया जाये, असुरक्षित जल स्रोतों का चिन्हिकरण किया जाये, जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर लार्वीसाइट का छिड़काव किया जाये, शहरी क्षेत्रों के नलकूपों/पेयजल स्रोतों का नियमित क्लोरीनेषन व नलकूपों का क्लोरीन डोजर सुचारू रूप से संचालित किया जाये, वाटर लिकेज पर विशेष ध्यान दिया जाय ताकि पानी दूषित न हो। जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर में बने ओवर हेड टैंक की नियमित साफ-सफाई, टंकियों में एअर टाईट ढक्कन लगाया जाये, साथ ही साथ पाइप लाइन बिछाते समय गड्ढों को तुरन्द बन्द करवा दिया जाये ताकि वारिश में जल भराव न हो सके। खराब इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प की मरम्मत तत्काल कराये जिससे कम बोर वाले/दूषित जल श्रोत वाले हैण्डपम्पों पर जन मानस की निर्भरता कम से कम हो। नियमित रूप से वाटर सप्लाई पाईप लीकेज का सर्वेक्षण एवं पानी के विसंक्रमण का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियां को निर्देशित किया कि बुखार के रोगियों की सूची तैयार करें एवं दिमागी बुखार के मरीजों के उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों पर भेजा जाये, मलेरिया के रोगियों की जांच अधिक से अधिक मलेरिया किट द्वारा किया जाये, खांसी जुकाम में ग्रसित रोगियों जिनकों सांस लेने में कठिनाई हो कोविड-19 की जांच करायी जाये, घरों में मच्छरों के प्रजनन की स्थिति की जांच एवं गमलों, कूलर, फ्रीज आदि में लार्वा की उपस्थिति की जांच की जाये। पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सूअरबाड़ों की साफ-सफाई करवायी जाये, पशु मेला करवाये साथ ही साथ सूकर पालक/पालतू जानवरों के पालकों का संवेदीकरण करें एवं साथ साथ जे0ई0/ए0ई0एस0 से बचाव की जानकारी दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिकित्सक मरीजों को कष्ट देने के बजाय बनें दुःखहर्ता

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को मरीजों को कष्ट देने के बजाय उनके दुःख हरने का प्रयतन्करना चाहिए बैठक में नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शनिवार को नियमित टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराया जाये, नियमित टीकाकरण में पट्टी, रानीगंज, शिवगढ़, कोहड़ौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्य से पीछे रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि एएनएम द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने खराब प्रगति के विरूद्ध किसी भी एएनएम या चिकित्साधिकारी पर कार्यवाही न किये जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने अन्त्योदय कार्डधारकों को अभी तक लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड न बनाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कैम्प लगाकर कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं पीएचसी के अधीक्षकों एवं चिकित्सकों से पूछा कि आप द्वारा मरीजों को जिला अस्तपाल रिफर करते समय उन्हें पर्याप्त प्राथमिक उपचार क्यों नही दिया जाता है तथा आपकी जिम्मेदारी रिफर करने से समाप्त नही हो जाती है, आपको मरीज के सम्बन्ध में पूरी जानकारी जिला अस्पताल को भी उपलब्ध करानी चाहिये ताकि जिला अस्पताल में उस मरीज का सम्यक उपचार किया जा सके। जिलाधिकारी ने अगली बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सकों से जिला अस्पताल एवं महिला अस्पताल में रिफर किये गये मरीजों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना की समीक्षा करते हुये जिला समन्वयक द्वारा माहवार रिपोर्ट प्रस्तुत न किये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्य चिकित्साधिकारी से जिला कार्यक्रम समन्यक एवं सहायक को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया और कहा कि 10 दिनों में योजना प्रारम्भ से अब तक कितने प्रसव हुई और कितनी प्रसूता माताओं को पोषण धनराशि उपलब्ध करायी उसकी सूचना उपलब्ध कराने का करायी जाये। जिलाधिकारी ने डाक्टरों की कार्यप्रणाली से नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि डाक्टर मरीजों हेतु दुखदायी न बने दुःखहर्ता बने। बैठक में जिलाधिकारी ने टीवी नियंत्रण, परिवार नियोजन, सम्भव योजना, जननी सुरक्षा योजना सहित अन्य योजना की समीक्षा की। अन्त में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थिन्यों को अवश्य दिया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कायाकल्प योजना के अन्तर्गत जनपद के 11 सीएचसी को सुखपालनगर, उपकेन्द्र यादव नगर, स्वास्थ्य केन्द्र नगरीय क्षेत्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानधाता, सांगीपुर, लालगंज, कोहड़ौर, बाघराय, संग्रामगढ़, कुण्डा, रानीगंज को कायाकल्प एवार्ड से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कायाकल्प योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ सीएल द्विवेदी, डीपीएम राजशेखर, क्वालिटी मैनेजर हरिश्चन्द्र, को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन यादव, डब्लू0एच0ओ0 की जिला समन्वयक डा0 मोनिका सहित सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य के अधीक्षक, चिकित्साधिकारी, डाक्टर व अन्य ।

## अखलाक समेत दो से पूछा, कहां से आए पत्थर और बम

**प्रयागराज।** 10 जून को अटाला में हुए उपद्रव के मामले में गिरफ्तार अखलाक समेत दो आरोपियों को मंगलवार को कस्टडी रिमांड पर ले लिया गया। इस दौरान उनसे घंटों पूछताछ की गई। पुलिस अफसरों ने अखलाक से पूछा कि बवाल कर रहे युवकों के पास पत्थर और बम कहां से आए। यह भी पूछा गया कि भीड़ को पत्थरबाजी के लिए किसने उकसाया था। सुबह पुलिस ने नैनी जेल जाकर करेली निवासी अखलाक और अब्दुल रहमान को कस्टडी रिमांड पर ले लिया। इसके बाद उन्हें क्राइम ब्रांच कार्यालय में ले जाया गया जहां उनसे पूछताछ शुरू हुई। गौरतलब है कि उपद्रव करने वाली भीड़ में अखलाक ही सबसे आगे थे और पुलिस पर हमलावर भी वह सबसे पहले हुआ था। ऐसे में उससे गहन पूछताछ की गई। पुलिस ने पूछा कि बवालियों के हाथों में पत्थर व बम कहां से आए वह कौन था, जिसके कहने पर भीड़ में शामिल युवकों ने पत्थर चलाने शुरू किए। क्या इसके लिए पत्थर पहले से इकट्ठे किए गए थे। गौरतलब है कि करेली निवासी अखलाक अली मस्जिद में साफसफाई का काम करता था। साथ ही मस्जिद में चंदे से आने वाली रकम का हिसाब-किताब भी रखता था। उसने ही हाफिज तौसीफ का नाम बताया था और कहा था कि तौसीफ ने ही उसे व अन्य युवकों को मजहब के लिए लड़ाई लड़ने को उकसाया था।


प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12 | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विमन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटें पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 15 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# भारतीय रेल नवाचार नीति के तहत स्टार्ट अप को आकर्षित करने के लिए किये जारहे अथक प्रयास

(आधुनिक समाचार सेवा)
**बलिय (वाराणसी)** । राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर भारतीय रेल ने स्टार्ट-अप और अन्य संस्थाओं की भागीदारी के माध्यम से नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है।देश के रेल,संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने दिनांक 13.06.2022 को रेल भवन, नई दिल्ली में ठरेलवे के लिए स्टार्टअपठ को लॉन्च किया था।इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्टार्ट अप को रेलवे से जुड़ने का अच्छा अवसर मिलेगा। अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार इस कार्यक्रम के पहले चरण के लिए रेलवे के विभिनन मंडलों, क्षेत्रीय कार्यालयों/ जोनों से प्राप्त 100 से अधिक प्रॉबलम स्टेटमेंट में से 11 प्रॉबलम स्टेटमेंट जैसे रेल फ्रैक्चर, हेडवे कमी आदि को लिया गया है। इन्हें नवीन समाधान खोजने के लिए स्टार्ट अप के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेलमंत्री जी ने स्टार्टअप से इस अवसर का उपयोग करने का अनुरोध किया और उन्हें 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान, सुनिश्चित बाजार, स्केल और ईको सिस्टम के रूप में भारतीय रेलवे से समर्थन सुनिश्चित करने की बात भी कही। भारतीय रेलवे नवाचार नीति- रेलवे के लिए स्टार्टअप्स युवाओं के लिए यह एक अच्छा अवसर है,इसका उन्हें पूरा लाभ लेना चाहिए। संभावित स्टार्टअप की पहचान किये जाने और नीति को सभी हितधारकों विशेषकर युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाए जाने के रेलवे द्वारा अनेक कदम उठाया जा रहा है। इस अवसर का लाभ उठाकर युवाओं को आकर्षित करने और राष्ट्र के विकास में भागीदार बनने के लिए विभिनन स्तरों पर बैठकों की योजना बना रहे हैं। भारतीय रेल स्टार्टअप के माध्यम से उनन्त तकनीक को अपनाकर गाढ़ी संचलन आने वाली चुनौतियों से निपटेगी। नई तकनीक के माध्यम से 11 मदों पर इनोवेटर रेलवे के विकास में योगदान दे सकेंगे।भारतीय रेल द्वारा लावइनोवेशन पोर्टलवेबसाइटै पर उपलब्ध है जिसमें दस नीति के बारे में सूचनायें दी गई है।इस पोर्टल के माध्यम से 30 जून 2022 से इच्छुक स्टार्टअप इनोवेटर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमी अनलाइन प्रस्ताव भेज सकेंगे।




# वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में होगा आयोजन, पीएम मोदी हो सकते हैं शामिल

**वाराणसी।** नई शिक्षा नीति पर वाराणसी में जुलाई के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय सम्मेलन होना है। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, आईआईटी, तकनीकी संस्थानों के निदेशकों के साथ ही कई शिक्षाविद जुटेंगे वाराणसी में अगले महीने होने वाली राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। नई शिक्षा नीति पर होने वाले आयोजन के लिए सात से नौ जुलाई की तिथि लगभग तय हो चुकी है। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर का चयन आयोजन के लिए किया गया है। कुछ और जगहों को भी विकल्प के तौर पर रखा जा रहा है देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, आईआईटी, तकनीकी संस्थानों के निदेशकों के साथ ही कई शिक्षाविदों की ओर से नई शिक्षा नीति पर मंथन किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी के तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की भी चर्चाएं हैं। प्रधानमंत्री कब आएंगे, इसकी कोई तिथि तय नहीं हो पाई है, लेकिन तैयारियां चल रही हैं। शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी की टीम के भी आने की संभावना सम्मेलन में संस्थानों की ओर से आए सुझावों, नई शिक्षा नीति से जुड़े अन्य बिंदुओं पर चर्चा के साथ पूरा मसौदा तैयार किया गया है। साथ ही रोजगारपक पाठ्यक्रमों से छात्रों को जोड़ने, विश्वविद्यालयों में कला प्रदर्शनी, संगोष्ठी और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन के लिए शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी की टीम के भी आने की संभावना है। सात से नौ जुलाई के बीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी दौरे के लिए सात से नौ जुलाई की तिथि को प्रस्तावित मानकर तैयारियां शुरू करा दी गई हैं। पीएम मोदी एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे और यहां कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री कार्यालय ने सात से नौ जुलाई के बीच कार्यक्रम के संकेत दिए हैं और इसके लिए तैयारियों की रूपरेखा मांगी है।




# बारिश से तरबतर बनारस, गर्मी से राहत मगर जलजमाव से आफत

**वाराणसी।** मानसून की दस्तक के बाद मंगलवार दोपहर से रूक-रूक हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। भीषण गर्मी की तपिश झेल रहे लोगों को तापमान में कमी आने से राहत मिली है। लेकिन भारी बारिश के कारण लोगों को जलजमाव का भी सामना करना पड़ रहा है। लोगों को बारिश से जितनी राहत नहीं मिली उससे ज्यादा जगह-जगह पर होने वाले जलजमाव से दिक्कत होने लगी। कई जगह भारी जलजमाव के कारण सड़कों पर लोगों का चलना फिरना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से लेकर बुधवार सुबह 10 बजे तक तेज बारिश होगी। तापमान में भी कमी देखने को मिल सकती है।मानसून से पहले वाराणसी नगर निगम की ओर से किए जा रहे तमाम दावों और तैयारियों को बारिश ने आईना दिखाने का काम किया है। जिलेभर में जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। एक बार फिर बारिश में नगर निगम के दावों की पोल खुल गई। मानसून सक्रिय होने के बाद थोड़ी सी बारिश में ही वाराणसी नगर निगम के इंतजाम धुल गए। कीचड़ से सराबोर सड़कों पर लोग कहीं पैदल तो कहीं वाहनों से फिसल कर गिरने लगे हैं। शहर वासियों की मुश्किलें बढ़ गई है। कई इलाकों में जल निकासी का समाधान अब तक नहीं निकाला जा सका है। कई मैनहोल के चैंबर ओवरफ्लो करने लगे। दशाश्वमेध, बंगाली टोला व आसपास की गलियों में भी पानी लगा रहा। सिगरा से नई सड़क पर पानी लगने से कई लोगों की गाडि़यां बंद हो गई। सड़कों पर पानी भरने से जगह-जगह लोग जाम में फंसे रहे। नालियों में भरा कचरा और सीवर की गंदगी सड़कों पर बहने लगा। सड़कों पर चलना भी दूभर हो गया। सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरने की वजह से हादसे का खतरा बढ़ गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि कुछ इलाकों में पानी लगा रहा। इनमें अंधरापुल, भदऊं




चंगी, मलदहिया, रवींद्रपुरी आदि इलाके हैं। नगर निगम के कर्मचारी पानी निकालने में लगे हैं। बिजली विभाग का 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा दो घंटे हुई बारिश के आगे नहीं टिक सका। मंगलवार को हुई बारिश के चलते नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तीन से चार घंटे की कटौती गई। करोड़ों खर्च करने के बावजूद बेतहाशा बिजली कटौती की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

65 मिलीमीटर बारिश हुई है। अभी भी आसमान में बादलों ने डेरा डाल रखा है। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी रही है। इधर, शहर के सभी प्रमुख और निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। बारिश के बाद शायद ही कोई इलाका होगा, जहां पानी न लगा हो। शहर के अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी तीन चार दिन तक ऐसे ही मौसम बना रहेगा और हल्की से की उचित व्यवस्था न होने के चलते जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है।मंगलवार शाम और बुधवार सुबह हुई बारिश के बाद शहर की सड़कें और गलियां जलमगन हो गईं। बारिश के बाद शायद ही कोई इलाका होगा, जहां पानी न लगा हो। शहर के अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वरुणा किनारे पुलकोहना के पास दर्जनों घरों में बरसाती पानी घुस गया। बारिश में जलभराव की समस्या


# गोरखपुर में झमाझम बारिश के साथ हुई मानसून की दस्तक

**गोरखपुर।** जिले में मंगलवार देर रात मानसून पहुंच गया। गोरखपुर में देर रात से बुधवार सुबह तक बारिश हो रही है। इस झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई। बता दें कि मंगलवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए थे। इस बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिली है। मौसम विशेषज्ञों ने पहले ही दावा किया था कि 27-28 जून तक मानसून गोरखपुर में दस्तक देगी। बता दें कि बीते 12 घंटे में 84 मिमी बारिश हुई। इस बारिश से शहर के हर मोहल्ले में जलभराव हो गया। वहीं निचले इलाकों की हाल और भी खराब है। शहर में जलजमाव होने से नगर निगम के अधिकारी हांफते नजर आए। नगर निगम पंप की सहायता से पानी निकालने में जुटी रही। गोरखनाथ, गोरखपुर विश्वविद्यालय, मोहद्दीपुर, मेडिकल कॉलेज रोड, रुस्तमपुर, बेतियाहाता, नगर निगम समेत कई इलाकों में तेज बारिश हुई। वहीं गोरखपुर ग्रामीण इलाकों में भी तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत दिला दी। इससे किसानों को बड़ा लाभ मिला है। मौसम विशेषज्ञ कैलाश पांडेय ने बताया कि गोरखपुर में मानसून की दस्तक होने वाली है। पहले 27 जून को अच्छी बारिश की संभावना जताई गई थी, लेकिन उस दिन बस बादल आसमान पर छाए रहें। वहीं 28 को बारिश होने से लोगों को राहत मिली है। सामान्य तौर पर बिहार और पूर्वी उत्तरप्रदेश में बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम की वजह से मानसून की बारिश होती है। लेकिन, इस बार बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र बिहार आते-आते कमजोर पड़ गया। पुरवा हवा का साथ नहीं मिलने से मानसून का सिस्टम पूर्वी उत्तरप्रदेश तक नहीं पहुंच पाया। पुरवा हवा बंगाल से निकलने के बाद असम की ओर से मुड़ गई। इस वजह से असम में अच्छी खासी बारिश हुई है।



# कल रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में बहेगी काव्य की रसधार, काशी विभूषण सम्मान से नवाजी जाएंगी विभूतियां

**वाराणसी।** स्थापना के 75वें वर्ष पर वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कवि सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। सम्मेलन में प्रियांशु गजेंद्र और अनामिका अंबर के साथ ही कुछ स्थानीय कवियों की रचनाएं भी सुनने को मिलेंगी। काशी में कल काव्य की रसधार बहेगी। काव्य प्रेमियों को जाने माने कवियों की सुरीली आवाज में काव्यपाठ सुनने का मौका मिलेगा। अमर उजाला की ओर से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में 30 जून को होने वाले काशी विभूषण सम्मान और कवि सम्मेलन में जाने माने कवि प्रियांशु गजेंद्र और अनामिका अंबर अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को यादगार बनाएंगे। के स्थापना के 75वें वर्ष पर आयोजित कवि सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। अमर उजाला और कबीर किया मोटर्स की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद रहेंगे। खास बात यह है कि शाम छह बजे से सम्मेलन में प्रियांशु गजेंद्र और अनामिका अंबर के साथ ही कुछ स्थानीय कवियों की रचनाएं भी सुनने को मिलेंगी। आयोजन को यादगार बनाने के लिए अमर उजाला की ओर से समाज के विभिनन क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभूतियों को काशी विभूषण सम्मान से नवाजा जाएगा। समारोह में कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते लोगों से मास्क लगाकर आने की अपील की गई है। अपनाकर अपनेपन को अपनापन अकसर देते हैं, खुद को मरहम कर लेते हैं और जख्म सभी भर देते हैं। हिम्मत के धागे टूटे तो उसके पास चले जाना। दोस्त हौसलों के दर्जी हैं, मुफ्त रफू कर देते हैं। अनामिका अंबर ने इन रचनाओं से काशी में होने वाले आयोजन को लेकर लोगों में जोश भरने की कोशिश की है। वह खुद भी आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने 41 सेकेंड का अपना एक वीडियो जारी कर लोगों से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आने की अपील की है।






# मोबाइल के साथ काशी विश्वनाथ धाम में जाएंगे श्रद्धालु

**वाराणसी।** भक्तों के लिए बदलेगी व्यवस्थाधाम परिसर में दुकानों के आवंटन के साथ ही यहां डिजिटल पेमेंट सहित अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह निणन्य लिया गया। इसके लिए भक्तों को पूरे सामान के साथ मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। काशी पुराधिपति महादेव का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु अब मोबाइल और अपने सामान के साथ ही धाम में प्रवेश पाएंगे। पावन मास सावन में उमड़ने वाले भक्तों की सहूलियत के लिए जुलाई में सुरक्षा समिति की बैठक जुलाई के पहले सप्ताह में दोबारा होगी। उधर, मंदिर की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए कंसलटेंट सीआईएसएफ की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर की मंगलवार को हुई सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि काशी विश्वनाथ के दर्शन करने आने वाले भक्तों को मोबाइल के साथ प्रवेश दिया जाए। धाम परिसर में दुकानों के आवंटन के साथ ही यहां डिजिटल पेमेंट सहित अन्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह निणन्य लिया गया। इसके साथ ही धाम परिसर में बने यात्री



करेंगे। काशी विश्वनाथ धाम में बने यात्री सुविधा केंद्र में उनके सामान व मोबाइल को रखने की व्यवस्था होगी। इसके लिए मुख्य द्वार पर बैग स्कैनिंग की व्यवस्था होगी और इसके बाद बाद भक्त बिना जांच के ही काशी विश्वनाथ धाम तक निर्बाध तरीके से पहुंच सुविधा केंद्रों को पूरी क्षमता से संचालित करने की कायन्योजना भी बनाई गई। इसके लिए भक्तों को पूरे सामान के साथ मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा, इसके लिए स्कैनिंग मशीन से बैगेज आदि की जांच गेट पर करने की व्यवस्था होगी।

# यूपी कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कार सवारों ने की फायरिंग, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**वाराणसी।** के नेहिया गांव के समीप मंगलवार की रात कार सवारों ने यूपी कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष के ऊपर फायरिंग की।



वाराणसी के चोलापुर थाना के नेहिया गांव के समीप मंगलवार की रात कार सवारों ने यूपी कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष के ऊपर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग करते हुए किसी तरह छात्र नेता घर पहुंचा और डायल-112 पर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। सिंधोरा थाना अंतर्गत ओदार गांव निवासी यूपी कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ब्रह्मजीत सिंह उर्फ गुड्डू शाम को अपने घर से बाइक से चोलापुर थाना क्षेत्र के भटौली गांव में अपने रिश्तेदार के यहां जन्मदिन पार्टी में गया था। देर रात लौटते समय बाबतपुर मोहाव मार्ग पर नेहिया गांव स्थित एक भट्ठे के पास उनकी बाइक को ओवर टेक कर कार सवार चार युवकों ने फायरिंग की। पूर्व अध्यक्ष भी अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग करते हुए जान बचाकर घर पहुंचा। चोलापुर थाना प्रभारी के अनुसार तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।

# गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन सड़क निर्माण में खेल......

**गोरखपुर।** वाराणसी फोरलेन और पैडलेगंज से नौसड़ सिक्स लेन निर्माण की मियाद फिर बीत गई, लेकिन काम अधूरा है। इन सड़कों का निर्माण जून अंत तक पूरा करने का दावा किया गया था। गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन कब बनकर तैयार होगा, इसका जवाब नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के पास नहीं है। इस मार्ग को तीन वर्षों में बन जाना चाहिए था, मगर पिछले छह वर्षों से बन रहा है। वहीं, सिक्स लेन निर्माण की मियाद बढ़ाकर अब अक्तूबर कर दी गई। कार्यदायी संस्थाएं जो भी दावे करें, लेकिन पड़ताल में सामने आ रहा है कि दोनों ही मार्ग इस साल दिसंबर तक बनकर तैयार नहीं हो पाएंगे। वर्ष 2016 में गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन की आधारशिला पड़ी थी। तीन साल में बनकर तैयार होना था। इस बीच डीएम, कमिशन्र से लेकर मुख्यमंत्री तक ने काम करा रही फर्म जेपी इंफ्रास्ट्रक्चर को कई बार फटकार लगाई। सुस्ती का मामला संसद में उठा। पीएम कार्यालय तक से शिकायत हुई, मगर काम सुस्त गति से ही चलता रहा। यहीं नहीं, काम पूरा होने से पहले सड़क जगह-जगह उखड़ने लगी। इसका खामियाजा राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। वाराणसी से गोरखपुर, नेपाल, कुशीनगर को जोड़ने वाली इस सड़क पर रोजाना लाखों लोग यात्रा करते हैं। 65 किलोमीटर लंबे फोरलेन के निर्माण पर 1031 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।गोरखपुर से कौड़ीराम के बीच इस फोरलेन पर जितने हिचकोले हैं, उतनी गांव की सड़क पर भी नहीं है। कसिहार चौराहे से कौड़ीराम के बीच छोटे-बड़े छह पुल हैं। इनमें से अभी किसी का भी काम पूरा नहीं हुआ है। कहीं पुल की दूसरी लेन का काम बाकी है, कहीं रेलिंग, तो कहीं दोनों लेन पर सड़क का निर्माण। आमी नदी पर बन रहे तीन तक्खा पुल का एप्रोच व स्लैब ढालने का काम चल रहा है। इसे बनने में एक सप्ताह से अधिक का समय लग जाएगा। वहीं, निर्माणाधीन पंद्रह तक्खा पुल के दोनों छोर पर एप्रोच का कार्य चल रहा है। पुल के दोनों छोर पर सड़क भी नहीं बनी है। नकबैठा पुल को बनने में एक महीने से अधिक का समय लगेगा। बगहाबीर बाबा मंदिर के पास पुल नंबर 075 और 193 का एप्रोच का काम चल रहा है। गडर रखना बाकी है। दोनों पुलों पर रेलिंग लगाने का काम बाकी है। हर 10 मीटर पर कई जगह सड़क टूट कर खिसक जाने से महोब बंधे से ऊंचगांव तक एक तरफ की करीब एक किलोमीटर की सड़क तोड़ी जा रही है। इस काम को शुरू हुए दो महीने हो गए, मगर निर्माण कार्य शुरू होना तो दूर तोड़े जाने और मलबा हटाने का काम भी नहीं पूरा हुआ। बाघागाड़ा से महावीर छपरा के बीच सड़क किनारे डिवाइडर का काम भी कई जगहों पर अधूरा है। सरयू पुल के निर्माण में लग जाएंगे दो से तीन माह बड़हलगंज से फोरलेन बाईपास पर ओझवली से दोहरीघाट सरयू पुल के निर्माण में करीब तीन महीने लग जाएंगे। बारिश शुरू हुई तो इस पुल का काम लगभग ठप हो जाएगा। वहीं, इस पुल के निर्माण में देरी के चलते आए दिन पटना तिराहे पर जाम की समस्या बनी हुई है। कौड़ीराम के पास बाईपास का काम अधूरा है। इसके पूरा होने तक फोरलेन पर फर्राटा भर पाना मुश्किल है।गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन का निर्माण जिले की सीमा में कब तक पूरा होगा, इसके समय निर्धारण के बारे में एनएचएआई ने हाथ खड़े कर दिए हैं। एनएचएआई के परियोजना प्रबंधक सीएम द्विवेदी का कहना है कि जून 2022 तक निर्माण पूरा होने की बात कही गई थी, लेकिन काम कब तक पूरा होगा, कह पाना मुश्किल है। निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।



# महिला से मोबाइल फोन छीनकर भागने वाला निकला शातिर बदमाश

**गोरखपुर।** एसपी सिटी ने इसे लेकर अभियान चलाया है। पुलिस पिछले दो महीने में बीस से ज्यादा बाइक, चार पहिया वाहन और ऑटो बरामद कर चुकी है। एसपी सिटी ने बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल फोन के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, सोमवार को एक महिला का मोबाइल फोन छीनकर युवक भाग रहा था। शोर मचाने पर सक्रिय हुई पुलिस ने कुछ दूरी पर ही आरोपी को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ की गई तो पता चला कि वह शातिर चोर है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सात बाइक, मोबाइल फोन बरामद कर आरोपी को जेल भिजवा दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रायगंज उत्तरी निवासी साहेब के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विशनेई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाश के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि राजघाट के तुर्कमानपुर में फोन पर बात कर रही महिला से झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर युवक भाग रहा था। महिला के शोर मचाने पर कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीम ने आरोपित को बर्फखाना बैकुंठधाम घाट मोड़ से पकड़ लिया। एसपी सिटी ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ में उसने चोरी की सात बाइक और 12 मोबाइल बरामद कराई। वह शातिर बदमाश है। इससे पहले भी वह जेल जा चुका है। उसपर राजघाट, बेलीपार और कोतवाली थाने में मुकदमे दर्ज हैं।एसपी सिटी कृष्ण कुमार विशनेई वाहन चोरों पर शिकंजा कस रहे हैं। वाहनों चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का ही असर रहा है कि चार पहिया से लेकर बाइक तक पुलिस बरामद करने में सफल रही है। नहीं तो केस दर्ज करने के बाद पुलिस भूल जाती थी और पीडि़त भी चार्जशीट लगाने के लिए थाने का चक्कर काटता था, ताकि उसे इंश्योरेंस का रुपया मिल सके। एसपी सिटी ने इसे लेकर अभियान चलाया है। पुलिस पिछले दो महीने में बीस से ज्यादा बाइक, चार पहिया वाहन और ऑटो बरामद कर चुकी है। एसपी सिटी ने बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।



# गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार शाति अपराधियों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** जनपद में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक- 27.06.2022 को थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 57/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बंधित वांछित 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. गुलाब यादव पुत्र गंगा यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र 2. लोकनाथ यादव पुत्र स्व0 दुखी यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र 3. मुकेश कुमार यादव पुत्र स्व0 शोभा यादव निवासी ग्राम कचनरवा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र 4. राज कुमार गौड़ पुत्र वंशराज उर्फ चैतू गौड़ निवासी ग्राम कचनरवा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण को माननी न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त का अपराधिक इतिहास निमनलिखित है- **नाम-पता अभियुक्तगण-** 1- गुलाब यादव पुत्र गंगा यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । 2- लोकनाथ यादव पुत्र स्व0 दुखी यादव निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । 3- मुकेश कुमार यादव पुत्र स्व0 शोभा यादव निवासी ग्राम कचनरवा, थाना




कोन, जनपद सोनभद्र । 4- राज कुमार गौड़ पुत्र वंशराज उर्फ चैतू गौड़ निवासी ग्राम कचनरवा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र । **अपराधिक इतिहास अभियुक्त गुलाब यादव-** 1-मु0अ0सं0-45/2018 धारा 147, 353, 504, 506, भादवि व 5/26, 41/42 वन अधिनियम 1927, थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र । 2- मु0अ0सं0-25/2022 धारा 376(2)(1), 504, 506, भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 3- मु0अ0सं0-17/2022 धारा 379, 411, 353, भादवि व 3/57/70 उप खनिज परिहार नियमावली 1963 व 4/21 खान खनिज विकास विनिमय अधि0 1957, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 4- मु0अ0सं0 57/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । **अपराधिक इतिहास अभियुक्तगण मुकेश कुमार यादव, लोकनाथ यादव व राजकुमार गौड़-** 1- मु0अ0सं0-17/2022 धारा 379, 411, 353, भादवि व 3/57/70 उप खनिज परिहार नियमावली 1963 व 4/21 खान खनिज विकास विनिमय अधि0 1957, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 2- मु0अ0सं0 57/2022 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-** 1- थानाध्यक्ष सूर्यभान, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 2- हे0का0 राकेश यादव, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 3- का0 अजीत राय, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 4-का0 सुर्या सिंह, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 5- का0 हरेन्द्र प्रसाद, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र ।

# सोनपम्प कैनाल में डूबने से दो युवकों की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** चुर्क के सोनपम्प कैनाल में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए दो युवकों कि हुई मौत एक जिला अस्पताल लोहड़ी में भर्ती कराया गया आस पास के लोगों ने बताया कि गहरे पानी होने के कारण अभिषेक डूबने लगा यह देख शशांक और परमहंस उसे बचाने का प्रयास करने लगे पानी गहेरा होने के कारण तैरना न आने के कारण वो खुद भी गहरे पानी का शिकार हो गए जिसमें मृतक शशांक शर्मा पिता शुशील शर्मा जो न्यूकालोंनी का रहने वाला है मृतक अभिषेक पुत्र अरविंद सिंह छपरा का रहने वाला है जीस उर्म 14,15साल कि है अपने ननिहाल आया था रेलवे कॉलोनी चुर्क गोताखोर कि कड़ी मेहनत के बाद तकरीबन सात बजे उसका शव मिला परमहंस को तत्काल पुलिस द्वारा जिला अस्पताल लोहड़ी में भर्ती कराया गया जानकारी उनुसार उसकी हालत में अब सुधार है।



# भूत प्रेत के चक्कर में कुल्हाड़ी की बेंत से मारपीट कर महिला को उतारा मौत के घाट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
***अनिल कुमार अग्रहरि***

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के वसुधा जुड़ीदह क्षेत्र में आज मंगलवार को एक महिला को भूत-प्रेत के चक्कर में कुल्हाड़ी के बेंत से मारपीट के मौत के घाट उतार दिया गया।जिससे गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही मौके पर एडीशन एसपी समेत आलाधिकारी पहुँच कर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा ग्राम पंचायत के वसुधा जुड़ीदह क्षेत्र की रहने वाली चमेली (48) पुत्री स्व.शिव चरन अगरिया रोज कि तरह मंगलवार को सुबह बकरी चराने गई थी।बकरी चराकर दोपहर में अपने घर को वापस लौट रही थी।तभी रास्ते में हीरालाल अगरिया पुत्र रामबलि अगरिया निवासी वसुधा जुड़ीदह ने चमेली को रोक कर उस पर भूत-प्रेत का आरोप लगाते हुए कुल्हाड़ी के बेंत से मारने पीटने लगा।जिसके कारण महिला वही जमीन पर गिर गई।जिसके बाद वह वहा से भाग गया।जिसके बाद चमेली की बहन रामरसिया मौके पर पहुँच गई।जिसकी जानकारी उसने गाँव के अन्य लोगो को देने के साथ ही चमेली को उपचार हेतु अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही गंभीर रूप से घायल चमेली की मौत हो गई।जिसकी जानकारी लोगो ने पुलिस को दिया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एडीशनल



एसपी विनोद कुमार,सीओ राज कुमार ,चोपन थाना प्रभारी के.के.सिंह व डाला चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर मौके पर पहुँच कर लोगो से घटना की जानकारी ली।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए अस्पताल भेज दिया।चोपन थानाध्यक्ष के.के. सिंह ने बताया कि मृतका की बहन का लड़का मुनन के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर हीरालाल अगरिया पुत्र रामबलि के विरूद्द मुकदमा पंजीकृत कर उसके धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है।

# गैंगेस्टर एक्टः दोषियों को 2-2 वर्ष 6-6 माह की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी)/ विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट आसुतोष कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए गैंगेस्टर एक्ट के मामले में दोषसिद्ध पाकर दोषियों लालजी गोड़ एवं दिलीप कुमार केवट को 2-2 वर्ष 6-6 माह की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 10-10 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर कोतवाल अंजनी कुमार रॉय 16 मई 2020 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में निकले थे कि पता चला कि गैंग लीडर संजय सिंह उर्फ टिप्पा का सक्रिय गिरोह है। गिरोह के सक्रिय सदस्य लालजी गोड़ व दिलीप कुमार केवट निवासी सिम्प्लेक्स कालोनी विन्ध्यनगर, सिंगरौली मध्यप्रदेश हैं जो इस क्षेत्र में अपने लाभ एवं सक्रिय सदस्यों के लाभ के लिए गैर कानूनी कार्य करते हैं। इनका क्षेत्र में वर्चस्व कायम है। इनके विरुद्ध कोई भी शिकायत करने एवं गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। डीएम से अनुमोदन कराने के बाद गैंग चार्ट दाखिल किया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों लालजी गोड़ एवं दिलीप कुमार केवट को 2-2 वर्ष 6-6 माह की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 10-10 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता धनंजय शुक्ला ने बहस की।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** भाजपा सरकार द्वारा सेना के सम्मान और स्वाभिमान को दरकिनार करते हुए लायी गयी नई ठेकेदारी प्रथा तथाकथित अगनेपथ योजना के खिलाफ सोनभद्र के कांग्रेसजनों ने विधानसभा वार सत्याग्रह किया उसी क्रम में राबर्ट्सगंज तहसील परिसर में चतरा ब्लॉक अध्यक्ष निगम मिश्रा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर इस चारसाली योजना को वापस लिए जाने के खिलाफ आवाज़ बुलंद की गई सत्यग्रह को संबोधित करते हुए पूर्व जिला महामंत्री निगम मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने हेतु तथा देश के पूजी पतियों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य अग्निपथ योजना लाई गई है। इस योजना को लाने में किसी भी विपक्षी दल से कोई चर्चा नहीं की गई नहीं सदन में कोई चर्चा हुई यह योजना जब से लांच हुई है तब से देश में युवा सड़कों पर उतर कर अपना विरोध कर रहे हैं बावजूद इसके सरकार युवाओं की सुनने वाली न हीं है युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अधिवक्ता धीरज पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार जीएसटी लायी जो व्यापारियों को समझ मे नही आया, फिर ये नोटबन्दी लाए उसका फायदा छोड़ नुकसान हो गया अर्थव्यवस्था गिर गयी, फिर ये किसान बिल लाए वो बिल किसानों को ही समझ में नही आया सात सौ किसानों के शहादत के बाद उसे भी वापस लेना पड़ा वैसे ही यह सरकार युवावो के लिए अग्निपथ योजना लायी है जिसे युवा ही नही समझ पा रहे वो विरोध कर रहे कुछ दिन पूर्व पूरे देश में आगजनी हिंसा और सरकारी सम्पति का नुकसान हुआ तो आखिरकार यह भाजपा सरकार ऐसा विवादित योजना और कानून लाती ही क्यों है कोई भी योजना संसद मे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चर्चा करा कर ही लायी जाए जिससे कि देश की जनता को उसे समझना आसान रहे।।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश वर्मा ने कहा कि जब से मोदी जी सत्ता में आए हैं तब से देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है मोदी सरकार में किसान, मजदूर, गरीब आदि सभी वर्ग के लोग काफी परेशान हैं सदर ब्लॉक अध्यक्ष सदर अमरेश देव पांडेय व सेवादल के नेता मृदुल मिश्रा ने कहा किअगनेपथ योजना के संबंध में बीजेपी के नेताओं के तरफ से जो बयान बाजी हो रही है वह राष्ट्रहित में तनिक भी सही नहीं है सैनिकों को तथा उनके परिवार को सभी प्रकार की सुविधाएं अभिलंब मुहैया कराई जाए। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला महामंत्री मोहर मणि पाठक व रामानंद पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार की अग्निपथ नीत किसी के समझ में नहीं आ रही है युवा पूरी तरह गुमराह है देश का भविष्य खतरे में है? यह सरकार नौकरी से ज्यादे रिटायरमेंट के फायदे गिना रही जो कि साबित करता है कि इस सरकार के नियत और नीति में खोट है इस दौरान मोहर मणि पाठक, दयाशंकर देव पांडे, विमला मौर्य,रामानंद पांडेय, प्रमोद पांडेय दीपू, मृदुल मिश्रा,नागेंद्र पांडेय, वंशीधर पांडेय,अनिल मिश्रा एडवोकेट, प्रांजल श्रीवास्तव,दिनेश धर द्विवेदी, आरपी चौधरी, कमलेश पटेल, कमलेश कहार, सलीम खान, सुरेश विश्कर्मी, प्रिंस पाठक, राजू सोनी,अनुज अवस्थी, विमला भारती, स्वामी अरविंद सिंह, चंद किशोर पांडे, अशोक त्रिपाठी एडवोकेट, आशीष पांडेय, आशुतोष पांडे, सुजीत मिश्रा, आशुतोष दुबे,आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला महामंत्री रामानंद पांडेय ने किया।



# अनपरा एसओ व एसआई के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद...

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** कोर्ट के आदेश का अनुपालन न किए जाने पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्ज्मा की अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनपरा एसओ एवं एसआई के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही आगामी 7 जुलाई को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष रखने को कहा है। बता दें कि राज्य बनाम जगत धरिकार वगैरह के मामले में अभियुक्त दयाराम धरिकार व जगत धरिकार जेल से न्यायालय में उपस्थित हुए। जबकि अभियुक्त रामलखन धरिकार के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी किया गया था। किंतु अनपरा थाने द्वारा तामिला नहीं कराया गया। इतना ही नहीं 6 मई को एसआई संतोष कुमार सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया था तथा अनपरा एसओ से गैरजमानती वारंट का तामिला कराने का आदेश कोर्ट ने दिया था, लेकिन दोनों लोगों ने 20 मई, 27 मई, 10 जून व 28 जून कुल 4 तिथि बीत जाने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनपरा एसओ एवं एसआई संतोष कुमार सिंह के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही आगामी 7 जुलाई को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। वहीं अभियुक्त रामलखन धरिकार के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई का आदेश दिया है।

# चौकी डाला पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरुक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।**सोनभद्र पुलिस अधीक्षक सोनभद्र यशवीर सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 28.06.2022 को चौकी डाला पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत मलिन बस्ती डाला सेक्टर सी हनुमान मन्दिर पर जनचौपाल लगाकर क्षेत्रीय लेखपाल की उपस्थित में आज जनता की समस्याओं को सुना गया तथा इस सम्बंध में उन्हें त्वरित कार्रवाई व हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया । इसके साथ ही उन्हें विभिनन सरकारी कल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी टोलफ्री नम्बरों जैसे 1090, 112, 181, 102, 108, 1076 आदि के सम्बंध में जानकारी दी गयी तथा जागरुकता पम्पलेट वितरित करते हुए जागरुक किया गया ।



# पूर्वांचल में बारिश से राहत किसान भी खुश, मगर बिजली गिरने से गई 12 लोगों की जान

**मिर्जापुर।** समेत पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में मंगलवार दोपहर बाद आंधी-पानी के बीच बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई जिलों में मंगलवार को मौसम का मिजाज अचानक बदला तो किसानों के चेहरे खिल गए। बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। कुछ क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। हालांकि बारिश के दौरान बिजली गिरने से वाराणसी समेत पूर्वांचल के चार जिलों में 12 लोगों (15) की आम बीनते समय बगीचे में और हरदुआ निवासी दुखना देवी (50) की खेत में बिजली की चपेट में आकर मौत हो गई। तुलसीपट्टी-भरद्वार गांव निवासी शशिभूषण दुबे (46) बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे, तभी बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। बलिया के रामपुर कोडरहा भागड़ के पास बिजली गिरने से रामपुर निवासी संतोष बारी (27) और बिशुनपुर गांव निवासी रामभजन शाह की मौत हो गई। जौनपुर के चौर गांव में प्रभावती देवी (50) आम के पेड़ महानाग बस्ती निवासी अवनीश यादव का बेटा हेमंत कुमार यादव उर्फ लल्ला यादव (12) और ननिहाल में आए भदोही जिले के ज्ञानपुर के गिरधरपुर निवासी रामप्रीत यादव का बड़ा बेटा भुवर यादव (15) बच्चों के साथ खेत में क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान बिजली गिरी और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी बच्चे वहां से भाग निकले।भुंवर नवोदय विद्यालय में नौंवी का छात्र था जबकि लल्ला यादव सातवीं में पढ़ता था। उधर बड़ागांव में



की मौत हो गई। मिर्जापुर में चार, भदोही में तीन, वाराणसी और बलिया में दो-दो लोगों की जान गई। मिर्जापुर के चरखी खुर्द गांव में नंदिनी (10) की घर के बाहर खेलते समय बिजली गिरने से मौत हो गई। दिघुली गांव की साधना (15) पर घर के बाहर बिजली गिर पड़ी और उसने दम तोड़ दिया। फरिदपुर गांव की प्रिया देवी (38) और लीलावती (45) की बभनी गांव से लौटते समय बिजली गिरने से जान चली गई। भदोही के चेतनीपुर निवासी अंकित के पास खड़ी थीं, तभी बिजली गिरी और वह गंभीर रूप से झुलस गईं। वाराणसी में बारिश के दौरान मंगलवार शाम बिजली गिरने से दो किशोर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें एक महिला भी शामिल है। इसके अलावा दो जगह पर मवेशियों की मौत हुई है। जिन किशोरों की मौत हुई वह अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। मिर्जामुराद के अदमापुर में क्रिकेट खेल रहे टीकरी खुर्द गांव में बिजली गिरने से 37 वर्षीय विवाहिता दुर्गावती देवी और भैंस की मौत हो गई। जिस समय घटना हुई उस समय श्याजीत पाल की पतनी दुर्गावती देवी घर से गोबर लेकर खेत में जा रही थी। इसी दौरान बिजली गिरने से झुलस गई। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। राजातालाब के रामपुर गांव में बिजली गिरने से एक मवेशी की मौत हो गई।

# वनाधिकार दावों के निस्तारण की हर दिन होगी समीक्षा

**मिर्जापुर।** अनुसूचित जनजाति व अन्य परंपरागत वन निवासी के अस्वीकृत दावों पर पुनर्विचार और ग्राम वन समितियों की पुनर्गठन की कायर्योजना बनाने को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने बैठक की। संबंधित विभागों को इस कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीएम चंद्र विजय सिंह ने बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार गांवों का भ्रमण कर पत्रावलियों पर निर्धारित समय में अपनी आख्या प्रस्तुत करें। वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत चारों तहसीलों से संबंधित जो भी पत्रावलियां है, उसका निस्तारण एसडीएम, तहसीलदार और वन विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सुनिश्चित करें। पत्रावलियों के निस्तारण में जिसके भी स्तर पर लापरवाही मिलेगी, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। यह शासन की प्राथमिकता में है। लिहाजा सभी अधिकारी गंभीरता से काम करें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि वनाधिकार से सम्बन्धित पत्रावलियों के निस्तारण की प्रगति प्रतिदिन तहसीलों से प्राप्त करें। जिन तहसील क्षेत्रों में प्रगति धीमी मिले, उसके बारे में अवगत कराएं। बैठक में डीएफओ संजीव कुमार सिंह, एसडीएम राजेश कुमार सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, सह संगठन मंत्री आनंद, आलोक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# ओवरब्रिज के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार रोड स्थित खजूरी गांव ओवरब्रिज के पास सोमवार की रात 60 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शिनाख्त में जुटी रही। रात को उधर से गुजर रहे राहगीरों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर लालगंज थानाध्यक्ष राम नरायन राम मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विगत कई दिनों से वह व्यक्ति लोगों से भीख मांगता था। कहीं बाहर का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि वृद्ध का शव मिला है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। तीन दिन में शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।



# हाइवा के धक्के से स्कूटी सवार अनुदेशिका की मौत

**सोनभद्र।** अदलहाट थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर स्थित हाजीपुर चौमुहानी के पास मंगलवार को विद्यालय से पढ़ाकर घर लौट रही अनुदेशिका सुनीता पाल (40) अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अहरौरा थाना क्षेत्र के घमहापुर गांव निवासी सुनीता पाल (40) पतनी राजेश कुमार पाल जमालपुर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय पसही में अनुदेशिका के पद पर कार्यरत थीं। वह विद्यालय से बच्चों को पढ़ाकर अपनी स्कूटी से घर लौट रही थीं। हाजीपुर गांव के पास अपराह्न करीब ढाई बजे पहुंची थीं कि हाइवा ने पीछे से टक्कर मार दिया। इस हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गंभीर अवस्था में उनको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुनीता के भाई अनिल कुमार पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सूचना पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह भी थाने पहुंच गए थे।

# आयरलैंड से हारते-हारते बची टीम इंडिया, दीपक हुड्डा का शतक हो जाता बेकार, भुवनेश्वर ने पलटा मैच

**नई दिल्ली।** आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत के नए कप्तान हार्दिक पांड्या के माथे पर पसीने ला दिए। इस सीरीज में पहली बार कप्तानी कर रहे हार्दिक को यह मालूम होना चाहिए था कि रन बचाने में टीम इंडिया कमजोर है। आईसीसी रैंकिंग में भारतीय टीम पहले स्थान पर है। आयरलैंड 14वें नंबर पर है। जाहिर है कि दोनों टीमों के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। डबलिन में मंगलवार (28 जून) को दो टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में जब टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 225 रन बनाए तो सबने भारतीय टीम की जीत पक्की मान ली थी। किसी ने सोचा नहीं था कि अपेक्षाकृत कमजोर आयरलैंड की टीम भारत को टक्कर दे पाएगी। 14वें नंबर की इस टीम ने सबको गलत साबित कर दिया। उसने न सिर्फ 200 से ज्यादा रन बनाए बल्कि जीत से सिर्फ चार रन ही दूर रहा। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत के नए कप्तान हार्दिक पांड्या के माथे पर पसीने ला दिए। इस सीरीज में पहली बार कप्तानी कर रहे हार्दिक को यह मालूम होना चाहिए था कि रन बचाने में टीम इंडिया कमजोर है। पिछले दो साल में 25 बार उसने पहले बल्लेबाजी की और 14 मैचों में हार मिली। इतना ही नहीं, पिछले सात मैचों में यह दूसरा मौका है जब विपक्षी टीम ने भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 200 से ज्यादा रन बना लिए हो। भारत ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 225 रन बनाए। दीपक हुड्डा ने करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने 104 रनों की पारी खेली। संजू सैमसन ने 77 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 221 रन बना दिए। वह सिर्फ चार रन से मैच हारा। टी20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 से ज्यादा रन बनाने वाली टीम अगर चार रन से ही मैच जीत पाए तो उसकी गेंदबाजी कमजोर ही मानी जाएगी। 220 रन से ज्यादा बनाने के बाद जीत का यह अंतर दूसरे स्थान पर है। इससे पहले 2016 में वेस्टइंडीज की टीम 220 रन से ज्यादा बनाने के बाद भारत के खिलाफ सिर्फ एक रन से मैच जीत पाई थी। भुवनेश्वर का आखिरी ओवर) था। भुवनेश्वर तीन ओवर में 39 रन लुटा चुके थे। हार्दिक का यह दांव गलत भी साबित हो सकता था। भुवनेश्वर की पहली गेंद वाइड हुई। अगली गेंद पर उन्होंने यॉर्कर डाला और टेक्टर उसे बाउंड्री के बाहर भेजना चाहते थे। उन्होंने लंबा शॉट लगाया, लेकिन बाउंड्री पर दीपक हुड्डा के हाथों लपके गए। आयरलैंड की सबसे मजबूत साझेदारी टूट गई। भुवनेश्वर ने ओवर में सिर्फ सात रन दिए और एक विकेट अपने नाम किया। यहां

**कब सुधरेगी गेंदबाजी? | पिछले सात मैचों में दूसरी बार भारत ने दूसरी पारी में 200 से ज्यादा लुटाए**




**2020 से टी20 में टीम इंडिया का प्रदर्शन**

| पहले बल्लेबाजी | | रन चेज | |
|---|---|---|---|
| मैच | 25 | मैच | 14 |
| जीत | 14 | जीत | 13 |
| हार | 08 | हार | 01 |
| टाई | 02 | टाई | 00 |
| नतीजा नहीं | 01 | नतीजा नहीं | 00 |

ओवरः आयरलैंड को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 38 रन बनाने थे। हैरी टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे। टीम इंडिया के सभी गेंदबाज महंगे साबित हो रहे थे। ऐसे में लग रहा था कि आयरलैंड की टीम उलटफेर कर देगी। कप्तान हार्दिक ने रणनीति में बदलाव किया और अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर को 18वें ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाया। यह उनका आखिरी ओवर (चौथा से टीम इंडिया को वापसी का मौका मिल गया। दीपक हुड्डा और संजू सैमसन ने 87 गेंद पर 176 रनों की साझेदारी की। रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल की तिकड़ी के नहीं होने का फायदा इनदोनों ने उठाया और टीम इंडिया को एक मजबूत विकल्प दिया। अब तीन बड़े खिलाड.ियों की वापसी के बाद इन दोनों को बाहर करना आसान नहीं होगा। गेंदबाजी में अक्षर पटेल ने सिर्फ कम रन दिए। उन्होंने दो ओवर में 12 रन ही दिए। बाकी गेंदबाजों ने नौ से ज्यादा की इकोनॉमी से रन लुटाए। भारत के लिए क्या अच्छा नहीं हुआ दीपक हुड्डा ने जरूर शतक लगाया, लेकिन अंत में उन्होंने धीमी बल्लेबाजी की। इसका नुकसान टीम इंडिया को हो सकता था। हुड्डा ने शुरुआती 91 रन 45 गेंद में बना लिए थे। उसके बाद 100 रन तक पहुंचने में उन्हें 10 गेंद लग गए। ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और दिनेश कार्तिक बल्ले से नाकाम रहे। हार्दिक ने नौ गेंदों का सामना किया, लेकिन 13 रन ही बना सके। गेंदबाजी में अक्षर को छोड़कर सबने रन लुटाए।टीम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। पॉल स्टर्लिंग (18 गेंद पर 40 रन) और कप्तान बालबर्नी (37 गेंद पर 60 रन) ने विस्फोटक शुरुआत की। दोनों ने 5.4 ओवर में 72 रन की साझेदारी कर टीम इंडिया की गेंदबाजी को तहस-नहस कर दिया। हैरी टेक्टर ने लगातार दूसरे मैच में कमाल किया। उन्होंने एक फिर से अपनी तेज बल्लेबाजी से प्रभावित किया। टेक्टर ने 28 गेंद पर 39 रन बनाए। जॉर्ज डॉकरेल ने 16 गेंद पर नाबाद 34 और मार्क एडेर ने 12 गेंद पर नाबाद 23 रन बनाकर मैच में आयरलैंड को करीब पहुंचा दिया। आयरलैंड के लिए मैच में क्या गलत हुआ आयरलैंड के लिए गेंदबाजी में सभी ने निराशाजनक प्रदर्शन किया और आठ से ज्यादा की इकोनॉमी से रन लुटाए। एंडी मैकब्रेन ने एक ओवर में 16, कॉनर ओलफर्ट ने तीन ओवर में 47, डेलनी ने चार ओवर में 43, मार्क एडेर ने चार ओवर में 42 रन लुटाए। बल्लेबाजी में गैरेथ डेलनी (00 रन) और लोरकन टकर (05 रन) नाकाम रहे। दोनों ने अगर कुछ योगदान दिया होता तो नतीजा कुछ और हो सकता था।

# रोहित शर्मा की बेटी समायरा ने बताया बीमार पिता का हाल

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले रोहित शर्मा के अलावा रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान विराट कोहली भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। कोहली लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले ठीक हो गए थे। वहीं, अश्विन अभ्यास मैच के दौरान टीम से जुड़े।भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा एजबेस्टन टेस्ट पहले कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। रोहित स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान विराट कोहली भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। कोहली लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले ठीक हो गए थे। वहीं, अश्विन अभ्यास मैच के दौरान टीम से जुड़े। रोहित शर्मा के रिप्लेसमेंट के लिए मयंक अग्रवाल को इंग्लैंड भेजा गया है। एजबेस्टन टेस्ट में अगर रोहित शर्मा नहीं खेलते हैं तो शुभमन गिल के साथ मयंक






फिलहाल टीम और परिवार के सदस्यों से अलग हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर कर इस बात को जाहिर करने की कोशिश की है कि वह टेस्ट से पहले फिट हो जाएंगे। इसी बीच, उनकी बेटी समायरा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह अपने बीमार पिता का हाल बताती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में समायरा मां रितिका के साथ होटल की लॉबी में नजर आ रही हैं। इसी दौरान उनसे एक प्रशंसक ने पिता के बारे में पूछ दिया। प्रशंसक ने समायरा से पूछा, ''पापा कहां हैं।'' इस पर हिटमैन की बेटी ने कहा, ''पापा अपने रूम में सो रहे हैं। पापा कोविड पॉजिटिव हैं। कोई एक ही रूम में रह सकता है।''मयंक को इंग्लैंड भेजा गया इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले रोहित शर्मा के अलावा भारत के ऑफ अग्रवाल ओपनिंग कर सकते हैं। अगर रोहित पूरी तरह फिट नहीं हुए तो टीम इंडिया को नए कप्तान के साथ उतरना पड़ सकता है। चर्चा यह है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कमान मिल सकती है। भारतीय क्रिकेट में टीम का नेतृत्व करने के लिए शायद ही कभी किसी तेज गेंदबाज को चुना गया हो। कपिल देव एक अपवाद थे। मार्च 1987 में कपिल देव के बाद से किसी भी तेज गेंदबाज ने भारत का नेतृत्व नहीं किया है। 35 साल बाद जसप्रीत बुमराह को भारत के कप्तान के रूप में नामित किए जाने की संभावना है। केएल राहुल भी टीम के साथ नहीं रोहित शर्मा कोरोना संक्रमित हैं और उपकप्तान केएल राहुल चोट के कारण इस मैच में नहीं खेलेंगे। ऐसे में बुमराह को कमान सौंपी जा सकती है।

# इंग्लैंड को वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान इयोन मॉर्गन ने लिया संन्यास, खराब फॉर्म से थे परेशान.........

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की वनडे और टी-20 टीम के कप्तान इयोन मॉर्गन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड को 2019 विश्व कप जिताने वाले मॉर्गन इन दिनों खराब फॉर्म और फिटनेस से जूझ रहे थे। वनडे विश्व कप के बाद से ही वह फॉर्म के लिए जूझ रहे थे। तब से वह सिर्फ एक शतक लगा सके थे। वहीं, नीदरलैंड के खिलाफ टीम ने वनडे में 498 136.17 है। 35 साल के मॉर्गन ने 2012 में टी-20 की कमान और 2014 में वनडे की कप्तानी संभाली थी। मॉर्गन की अगुवाई में इंग्लैंड की टीम कई बार वनडे में 400 का आंकड़ा पार कर चुकी है। मौजूदा समय में वनडे क्रिकेट के तीन सबसे बड़े स्कोर इंग्लैंड के ही नाम हैं। इयोन मॉर्गन ने नीदरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले कहा था- अगर मुझे नहीं लगता कि मैं काफी





रन बनाकर सर्वाधिक उच्चतम स्कोर बनाया, लेकिन मॉर्गन दो पारियों में शून्य पर आउट हो गए।35 वर्षीय कप्तान पिछली 26 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगा सके थे। उनकी जगह जोस बटलर को वनडे और टी-20 की कमान सौंपी जा सकती है। बटलर ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक रन बनाए थे।मॉर्गन ने 225 वनडे में 39.75 की औसत से 6957 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 93.89 है। वहीं, 115 टी-20 मैचों में 28.58 की औसत से 2458 रन बनाए हैं। इसमें स्ट्राइक रेट अच्छा हूं या मुझे नहीं लगता कि मैं टीम में योगदान दे पा रहा हूं, तो मैं संन्यास ले लूंगा। मॉर्गन का प्रदर्शन आईपीएल में भी कुछ खास नहीं रहा था। आईपीएल 2021 में उन्होंने अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को फाइनल में पहुंचाया था। हालांकि, बल्लेबाजी में वह फ्लॉप रहे थे। यही वजह रही कि आईपीएल 2022 के ऑक्शन में उन्हें किसी ने नहीं खरीदा था। उनकी टीम जीत रही है, लेकिन मॉर्गन संघर्ष करते नजर आ रहे थे। यही वजह थी कि उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

# उमरान मलिक को आखिरी ओवर में क्यों मिली गेंदबाजी कप्तान हार्दिक पांड्या ने बताया कारण


**नई दिल्ली।** मैच का आखिरी ओवर उमरान मलिक ने किया। उस ओवर में 17 रन विपक्षी की टीम बनाने थे। उमरान ने सिर्फ 12 रन ही दिए। ऐसे मौके पर युवा गेंदबाज पर विश्वास जताने के लिए हार्दिक की तारीफ हो रही है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारतीय टीम ने अपनी पहली टी20 सीरीज जीत ली है। उसने मंगलवार (28 जून) आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में चार रनों से रोमांचक जीत हासिल की। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 225 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम ने 221 रन बनाकर भारतीय खिलाड.ियों को हैरान कर दिया। उनके लिए जोर से शोर कर रहे थे। हार्दिक ने कहा, ''दर्शकों के चहेते कार्तिक और संजू थे। दुनिया के इस कोने में खेलना शानदार अनुभव है। टीम इंडिया के समर्थन में बहुत सारे लोग आए थे। हमने उन्हें शानदार खेल दिखाने का प्रयास किया। उम्मीद है कि हमने ऐसा किया।''उन्होंने आगे कहा, ''आप हमेशा अपने देश के लिए खेलना चाहते हो। टीम का नेतृत्व करना और जीत हासिल करना बेहतरीन अनुभव है। सीरीज जीतना तो और भी खास है। मैं दीपक हुड्डा और उमरान मलिक के लिए काफी खुश हूं।'' दीपक ने अपने टी20 करियर




मैच का आखिरी ओवर उमरान मलिक ने किया। उस ओवर में 17 रन विपक्षी की टीम बनाने थे। ऐसे मौके पर युवा गेंदबाज पर विश्वास जताने के लिए हार्दिक की तारीफ हो रही है। हार्दिक ने उमरान मलिक को मैच के आखिरी अहम ओवर में गेंदबाजी करने की वजह बताई। उन्होंने कहा, ''मैं अपने समीकरण से सारा दबाव दूर रखने की कोशिश कर रहा था। मैंने उमरान का समर्थन किया। उसके पास गति है। ऐसी तेजी के सामने 18 रन बनाना हमेशा मुश्किल होता है। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने कुछ अद्भुत शॉट खेले। उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। मैं अपने गेंदबाजों की भी तारीफ करना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने अंतिम समय तक धैर्य कायम रखा।''28 वर्षीय हार्दिक ने आयरलैंड में खेलने और भारतीय प्रशंसकों से भारी समर्थन प्राप्त करने की भी बात कही। पांड्या प्रशंसकों के आभारी थे और उन्होंने कहा कि उनके पसंदीदा खिलाड़ी दिनेश कार्तिक और संजू सैमसन थे क्योंकि प्रशंसक का पहला शतक लगाया। वह भारत के लिए क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में शतक लगाने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले रोहित शर्मा, केएल राहुल और सुरेश रैना ऐसा कर चुके हैं।टीम इंडिया ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 225 रन बनाए। दीपक हुड्डा ने 104 रन और संजू सैमसन ने 77 रन की पारी खेली। जवाब में आयरलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 221 रन बना दिए। उमरान मलिक ने आखिरी ओवर में अच्छी गेंदबाजी की और आयरलैंड को 17 रन नहीं बनाने दिए।आखिरी ओवर में आयरलैंड को जीत के लिए 17 रन चाहिए थे, लेकिन उमरान मलिक ने ये रन आयरलैंड को नहीं बनाने दिए। आखिरी ओवर में आयरलैंड की टीम 12 रन बना सकी। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टी-20 सीरीज भी 2-0 से अपने नाम की। पहला टी-20 भारत ने सात विकेट से जीता था।

# पति चहल के साथ डबलिन की सैर पर निकलीं धनश्री, साथ में दिखे हार्दिक और हुड्डा

**नई दिल्ली।** भारत और आयरलैंड के बीच डबलिन में दो मैचों की टी-20 सीरीज खेली गई। टीम इंडिया ने दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम की। पहले टी-20 के बाद कुछ भारतीय खिलाड़ी डबलिन की सैर पर निकले। इन खिलाड.ियों में युजवेंद्र चहल, दीपक हुड्डा और कप्तान हार्दिक पांड्या शामिल हैं। चहल के साथ उनकी पतनी धनश्री भी डबलिन पहुंची हैं। इस दौरान तीनों के साथ धनश्री भी थीं। धनश्री ने ही इसकी तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा-आयरिश संस्कृति को जानने के लिए घूमने निकले हैं।धनश्री इससे पहले भारत-आयरलैंड के बीच पहले टी-20 टी-20 में इकोनॉमीकल स्पेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। वहीं, दूसरे मैच में शतक लगाने वाले दीपक हुड्डा प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। धनश्री इससे पहले लंदन भी पहुंचीं थीं और वहां से तस्वीरें भी शेयर की थीं। आयरलैंड के लिए निकलने से पहले धनश्री ने इंस्टाग्राम पर फैन्स से गेस करने के लिए भी कहा था कि वह कहां जा रही हैंहालांकि, बीसीसीआई ने सभी खिलाड.ियों को बाहर घूमने को लेकर सख्त हिदायत दी है। रोहित शर्मा के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद बोर्ड ने खिलाड.ियों से कम से कम घूमने के लिए कहा है और सावधानी बरतने के लिए कहा है। ऐसे में चहल, हार्दिक का





मैच को देखने डबलिन के द विलेज ग्राउंड पहुंची थीं। उन्होंने स्टेडियम से तस्वीरें भी शेयर की थीं। भारत ने पहला टी-20 सात विकेट से जीता था।बारिश की वजह से मैच 12-12 ओवर का हुआ था। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 12 ओवर में चार विकेट गंवाकर 108 रन बनाए थे। जवाब में टीम इंडिया ने 9.2 ओवर में तीन विकेट पर 109 रन बनाकर मैच जीत लिया था। दीपक हुड्डा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 47 रन बनाए थे। वहीं, दूसरे टी-20 को भारत ने चार रन से जीता। हालांकि, चहल को पहले बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है।आयरलैंड दौरे के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर भी जाएगी। बर्मिंघम में पहले से भारतीय टेस्ट टीम मौजूद है, जिन्हें एक जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलना है। इसके बाद टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ तीन-तीन मैचों की टी-20 और वनडे सीरीज भी खेलेगी। उससे पहले भारत की टी-20 टीम को दो काउंटी टीम के खिलाफ टी-20 प्रैक्टिस मैच भी खेलना है। टेस्ट शुरू होने की वजह से आयरलैंड दौरे पर मौजूद टीम ही प्रैक्टिस मैच खेल सकती है।

# भारत ने पहली बार पारी के पहले ओवर में लुटाए 18 रन, दीपक हुड्डा और सैमसन ने पांच साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** दीपक हुड्डा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले रोहित शर्मा (चार शतक), केएल राहुल (दो शतक) और सुरेश रैना (एक शतक) सेंचुरी लगा चुके हैं। भारत ने आयरलैंड को दूसरे टी-20 में चार रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 225 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 221 रन बना दिए। उमरान मलिक ने आखिरी ओवर में अच्छी गेंदबाजी की और आयरलैंड को 17 रन नहीं बनाने दिए। आयरलैंड की पारी के दौरान भुवनेश्वर कुमार के पहले ओवर में आयरिश बल्लेबाजों ने 18 रन बनाए। यह टी-20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार है जब भारतीय टीम ने पारी के पहले ओवर में 18 रन लुटाए हों। यह भारत की ओर से टी-20 में सबसे महंगा पहला ओवर रहा। इससे पहले 2014 में बर्मिंघम में इंग्लैंड ने और 2016 में लॉडरहिल में वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ पहले



ओवर में 17 रन बनाए थे।इस मैच में टीम इंडिया के लिए दीपक हुड्डा और संजू सैमसन ने बेहतरीन पारी खेली। हुड्डा ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने 57 गेंदों पर नौ चौके और छह छक्के की मदद से 104 रन की पारी खेली। दीपक हुड्डा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले रोहित शर्मा (चार शतक), केएल राहुल (दो शतक) और सुरेश रैना (एक शतक) सेंचुरी लगा चुके हैं। वहीं, सैमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक लगाया। सैमसन ने 42 गेंदों पर नौ चौके और चार छक्के की मदद से 77 रन की पारी खेली। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 87 गेंदों पर 176 रन की साझेदारी निभाई। यह भारत की ओर से किसी भी विकेट के लिए टी-20 में सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने रोहित शर्मा और केएल राहुल के पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रोहित और राहुल ने 2017 में इंदौर में पहले विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी निभाई थी। वहीं, ओवरऑल टी-20 में यह दूसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने इंग्लैंड के जोस बटलर और डेविड मलान के 2020 में बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बटलर और मलान ने तब इंग्लैंड के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन में दूसरे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की थी। यह भारत के लिए भी टी-20 में सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम था।

**मेष-**:परिवर्तन और आत्मनिरीक्षण इस अवधि के दौरान सफलता की कुंजी है। आज आपको गुणवत्ता और प्रदर्शन पर जोर देना होगा।

**वृष-**:आज आपको करियर के मामले में कोई बड़ी सफलता मिलेगी. कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों से जुड़ेंगे जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मिथुन-**:आज धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी. कुछ लोगों के लिए आकस्मिक यात्रा व्यस्त और तनावपूर्ण होगी। कार्यस्थल पर कार्यभार में तेजी से वृद्धि देखने को मिल सकती है।

**कर्क-**:आज आप अपने भविष्य और स्वास्थ्य को लेकर अधिक उत्सुक रहेंगे और सही लोगों से सलाह लेंगे. प्रचुर मात्रा में आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं।

**सिंह-**:आज कार्यस्थल पर स्थिति अनुकूल रहेगी, लेकिन कुछ भी बोलते समय आपको सावधान रहना चाहिए. आप कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन कुछ और कहेंगे। इससे आपके आसपास के लोगों को कुछ गलतफहमी भी हो सकती है।

**कन्या-**:आपका ज्ञान और हास्य आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. आप अपनी मानसिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देख सकते हैं। यात्रा करने के लिए यह दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है।

**तुला-**:लंबे समय से प्रतीक्षित कानूनी मामले का अचानक लिया गया फैसला आपको हैरान कर देगा। परिवार आपके लिए प्राथमिक है और आप उन्हें खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**वृश्चिक-**:आज आपके वैवाहिक संबंधों के बीच की दूरियां खत्म होंगी. वहीं रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, लेकिन किसी व्यावसायिक मामले को लेकर आप परेशान हो सकते हैं।

**धनु-**:आज आपको परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा. आपके लिए कुछ फैसलों में सटीकता हो सकती है। आत्मविश्वास से जोखिम भरे कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**मकर-**:आज के दिन आप तर्क-वितर्क और जिद्दी हो सकते हैं. आप खुद को कठिन परिस्थितियों में पा सकते हैं। जहां तक ??हो सके वाद-विवाद से दूर रहें। परिवार के सदस्य तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं।

**कुंभ-**:आज आपको कार्यक्षेत्र में वृद्धि के कुछ नए अवसर प्राप्त होंगे. आपको उधार दिया हुआ पैसा अचानक वापस मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर कर सकते हैं। रिश्तों में सकारात्मकता आएगी।

**मीन-**:आज आपका दिन सुकून भरा रहेगा मनोरंजन और पढ़ाई के क्षेत्र में समय व्यतीत होगा. आपके काम को लेकर कोई नई योजना बन सकती है।

## सम्पादकीय

### महाराष्ट्र सियासतः पार्टी की आउटसोर्सिंग और शिवसेना का 'होस्टाइल टेकओवर'

शिवसेना को महज़ एक परिवार की पार्टी मान लेने वाले बड़ी भूल करते हैं। ज़मीन पर शिवसेना परिवार से ज़्यादा विचारधारा की पार्टी है।इसकी जड़े मुंबई की शिवसेना शाखाओं में है जिसे बाल ठाकरे ने अपने विचारों से बनाया। भारत की राजनीति में यह पहला मौक़ा नहीं है जब किसी पार्टी का 'होस्टाइल टेकओवर' करने की कोशिश की गई हो। 1969-70 में इंदिरा गांधी की कांग्रेस के टेकओवर की कोशिश एक तरह से नाकाम रही, मगर लगता है शिवसेना पहली पार्टी होगी जिसका 'शत्रुतापूर्ण अधिग्रहण' सफ़ल हो जाएगा। मुंबई में कुछ लोग कहते हैं- उद्धव ठाकरे ने अपनी साझा सरकार ही नहीं बल्कि शिवसेना पार्टी के फ़ैसले भी 'आउटसोर्स' कर दिए थे। दरअसल, एनसीपी चीफ़ शरद पवार ही असली सुप्रीमो बन गए थे। तो क्या यह एक तरह से शिवसेना पार्टी की ही आउटसोर्सिंग की कोशिश थी राजनीति और सत्ता के कम अनुभवी उद्धव ठाकरे के लिए यह आरामदेह स्थिति थी। ख़ासकर तब जबकि उनकी टक्कर राजनीति की ख़ूंख़ार पार्टी बीजेपी से हो गई थी। पवार और ठाकरे परिवार की नज़दीकियों की कुछ और वजहें भी बताई जाती हैं मगर वह निजी बातें हैं। दरअसल, शुरू में सत्ता का सुख सभी को अच्छा लगा, मगर धीरे-धीरे शिवसेना के स्थानीय मगर मज़बूत नेताओं को लगने लगा कि सुप्रीमो उद्धव नहीं पवार हैं। ऐसी तमाम बातें शिवसेना बाग़ी विधायक कह चुके हैं। शिवसेना का डीएनए और वारिस के गुण शिवसेना को महज़ एक परिवार की पार्टी मान लेने वाले बड़ी भूल करते हैं। ज़मीन पर शिवसेना परिवार से ज़्यादा विचारधारा की पार्टी है। इसकी जड़ें मुंबई की शिवसेना शाखाओं में है जिसे बाल ठाकरे ने अपने विचारों से बनाया। बाल ठाकरे का वचन और उनकी विचारधारा में कभी कोई मतभेद नज़र नहीं आया, इसलिए शिवसैनिकों के लिए बाल ठाकरे महज़ एक चेहरा नहीं आकाशवाणी थे। शिवसेना में पहले भी छगन भुजबल और नारायण राणे जैसे बाग़ी हुए हैं - लेकिन 2022 की बग़ावत सत्ता ही नहीं बल्कि पूरी शिवसेना पार्टी हथियाने के लिए हुई है।पार्टी के अधिग्रहण से आएगी सत्ता साल 2019 में बीजेपी ने एनसीपी के बाग़ी अजीत पवार के साथ महाराष्ट्र की सत्ता पाने की नाकाम कोशिश की। अजीत, चाचा शरद पवार के पास पहुंच गए। बीजेपी से घबराए उद्धव ठाकरे और गुस्साए शरद पवार ने समझदारी से सत्ता क़ायम कर ली, तब से लेकर आज तक बीजेपी ने कई तरह के दांव लगाए जिससे महाराष्ट्र में ठाकरे की साझा सरकार गिर जाए और शिवसेना के पास घर वापसी के अलावा कोई चारा न बचे। इस बीच मध्य-प्रदेश मॉडल से लेकर गोवा-मणिपुर-मेघालय मॉडल तक की चर्चा और कोशिशें हुईं, मगर फिर आइडिया के स्टाक मार्केट से 'टेकओवर' का विचार प्रकट हुआ 'टेकओवर' के बाद ठाकरे मार्का हालांकि बस चर्चा है - मगर इसके दो पहलू हैं। अगर एकनाथ शिंदे ग्रुप शिवसेना पार्टी पर क़ाबिज़ हो पाता है या अगर वो दूसरी शिवसेना भी खड़ी करते हैं तो उन्हें एक ठाकरे चेहरा चाहिए। राज ठाकरे वो चेहरा हैं जो नई शिवसेना को वैधता दे सकते हैं, तो क्या शिवसेना पार्टी के अधिग्रहण के बाद राज ठाकरे अपनी पार्टी श्न्ए का विलय कर देंगे? या फिर शिवसेना के बाग़ी विधायक राज ठाकरे की पार्टी में शामिल हो जाएंगे क्या राज ठाकरे का चेहरा उद्धव ठाकरे की शिवसेना का स्ट्रीट पावर ख़त्म कर सकता है? मगर क्या बीजेपी के ज़्यादा मज़बूत और अख्खड़ राज ठाकरे को पावरफुल बनाने का रिस्क लेगी? वैसे लोहे को लोहा ही काटता है और फिर उस लोहे को काटने के लिए एक नया लोहा लाया जा सकता है।

डस्क्लेमर (अस्वीकरण): यह लेखक के निजी विचार हैं। आलेख में शामिल सूचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए अमर उजाला उत्तरदायी नहीं है। अपने विचार हमें पर भेज सकते हैं। लेख के साथ संक्षिप्त परिचय और फोटो भी संलग्न करें।

# मौसम की मार : बाढ़ से निपटने की रणनीति कैसी हो, यह तय करते समय जलवायु परिवर्तन का मुद्दा ध्यान रखना होगा.......

महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक और गुजरात जैसे अति संवेदनशील राज्यों ने हाल के वर्षों में अपने डीडीएमपी और जलवायु-रोधी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में सुधार किया है। यह राजनीतिक और प्रशासनिक प्राथमिकताओं और आपदा तैयारियों की पूर्ण तात्कालिकता की तरफ हमारा ध्यान खींचता है। सही हो या गलत, कुछ आपदाओं पर दूसरों की तुलना में ज्यादा ध्यान दिया जाता है। इसकी कई वजहें हैं। आपदा के कवरेज का स्तर और तीव्रता वास्तविक पीड़ा के पैमाने के बजाय निकटता, लोगों की रुचि और इसमें शामिल आर्थिक दांव पर निर्भर करता है। निश्चित रूप से देश के कुछ हिस्सों या समुदायों को तभी पहले पनन्े पर या प्राइमटाइम टीवी में जगह मिलती है, जब आपदा इतनी बड़ी हो कि इसे नजरंदाज या कम करके आंका नहीं जा सकता है। यही चीज मुझे असम या पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों या पड़ोसी बांग्लादेश की विनाशकारी बाढ़ में दिखती है। हजारों मील दूर महाराष्ट्र में चल रहे सियासी संकट का केंद्र बन जाने के कारण असम अभी चर्चा में है। इसके मद्देनजर असम के मुख्यमंत्री राज्य पर्यटन की संभावनाओं को लेकर काफी मुखर रहे हैं, लेकिन तथ्य यह है कि असम के कुछ हिस्सों में बाढ़ के कारण आम लोगों की स्थिति बहुत गंभीर है और वे तत्काल बचाव की जरूरत महसूस कर रहे हैं। यह लेख लिखे जाने के समय तक असम में बाढ़ से 127 लोगों की मौत हो चुकी है और जब तक यह प्रकाशित होगा, मरने वालों की संख्या बढ़ चुकी होगी। असम में बराक घाटी के कछार जिले का मुख्यालय सिलचर लगातार सातवें दिन पांच से आठ फीट पानी में डूबा हुआ है और करीब दो लाख लोग भोजन, पानी और अन्य जरूरी चीजों की कमी का सामना कर रहे हैं। बांग्लादेश में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 80 पार कर गई है। असम में बाढ़ का मीडिया कवरेज उम्मीद के मुताबिक, दुर्गम क्षेत्रों में राहत के प्रावधान और बचाव व राहत कार्यों के अंतर पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के समय में हमें प्राकृतिक



आपदाओं को न केवल तत्काल बचाव और राहत कार्य के चश्मे से देखना चाहिए, बल्कि तैयारियों की दृष्टि से भी देखना चाहिए। कोई जिला या राज्य या देश जिस हद तक आपदाओं के प्रति संवेदनशील होता है, उसका इस बात से काफी कुछ लेना-देना होता है कि वह ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कितना तैयार है। पिछले वर्ष भारत की जलवायु भेद्यता (संवेदनशीलता) का मानचित्रण करने वाली एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट आई थी, जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। दिल्ली स्थित थिंक टैंक ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद (सीईईडब्लू यू) के जलवायु संवेदनशीलता सूचकांक के अनुसार, असम, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार बाढ़, सूखा या चक्रवात जैसी चरम जलवायु घटनाओं के लिए सबसे अधिक संवेदनशील हैं। कुल मिलाकर, 27 भारतीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेश चरम जलवायु घटनाओं की चपेट में फंसे हैं, जो अक्सर स्थानीय अर्थव्यवस्था को बाधित करते हैं और कमजोर समुदायों को विस्थापित करते हैं। 80 प्रतिशत से अधिक भारतीय जलवायु जोखिम के प्रति संवेदनशील जिलों में रहते हैं। कुछ और आंकड़ों को देखिए-भारत के 640 जिलों (2011 की जनगणना) में से 463 जिले अत्यधिक बाढ़, सूखे और चक्रवातों की चपेट में हैं। चिंतित करने वाली बात यह है कि इनमें से 45 प्रतिशत से अधिक जिलों में अस्थिर परिदृश्य और बुनियादी ढांचे में बदलाव आया है। सीईईडब्लूयू का अध्ययन रेखांकित करता है कि मात्र 63 फीसदी भारतीय जिलों के पास जिला आपदा प्रबंधन योजना (डीडीएमपी) है। इन योजनाओं को हर साल अद्यतन करने की आवश्यकता होती है, लेकिन उनमें से केवल 32 प्रतिशत जिले के पास ही 2019 तक अद्यतन योजनाएं थीं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक और गुजरात जैसे अति संवेदनशील राज्यों ने हाल के वर्षों में अपने डीडीएमपी और जलवायु-रोधी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में सुधार किया है। यह राजनीतिक और प्रशासनिक प्राथमिकताओं और आपदा तैयारियों की पूर्ण तात्कालिकता की तरफ हमारा ध्यान खींचता है। 19 जून, 2022 की असम राज्य आपदा प्रबंधन बाढ़ रिपोर्ट का हवाला देते हुए, हालिया मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि असम के 20 जिलों में कुल 297 तटबंध टूट गए हैं, जिनमें से 33 अकेले दरांग जिले में हैं। बाढ़ और अन्य आपदाएं जनता को प्रभावित करती हैं और इसलिए यह जनहित में है कि स्थानीय सरकारें यह सुनिश्चित करें कि जिला आपदा प्रबंधन योजना (डीडीएमपी) को अद्यतन किया जाए और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें लागू किया जाए। असम में बाढ़ से संबंधित खबरों को पढ़ते हुए मैं यह जानकर हैरान रह गई कि जो असम नियमित रूप से बाढ़ से प्रभावित रहता है, वहां सरकार ने बाढ़ नियंत्रण का बजट घटा दिया है। असम ने वित्त वर्ष 2019-20 के बजट में कृषि और बाढ़ नियंत्रण के लिए 3,748 करोड़ रुपये अलग रखे थे। इसे घटाकर वित्त वर्ष 2020-21 में 2,825 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2021-22 में 2,452 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 2,778 करोड़ रुपये कर दिया। इस तरह की कसौटी का कारण क्या हो सकता है? यह कहना मुश्किल है कि असम कब तक महाराष्ट्र की राजनीतिक उथल-पुथल का प्रमुख केंद्र बना रहेगा। लेकिन यह स्पष्ट है कि इस पूर्वोत्तर राज्य के लोग कुछ समय के लिए ब्रह्मपुत्र, बराक और उनकी सहायक नदियों के प्रकोप और इसके परिणामों से जूझते रहेंगे। इस साल असम में आई बाढ़ अप्रत्याशित है। गौरतलब है कि पिछले तीन दशकों में पूर्वोत्तर राज्यों में मानसून की बारिश में कमी की प्रवृत्ति रही है, जबकि इस बार असम में महीने के पहले तीन हफ्तों में ही जून की औसत बारिश से लगभग दोगुनी बारिश हुई है। इसका मतलब यह है कि जब समग्र वर्षा कम हो जाती है, तब भी थोड़े समय के दौरान भारी वर्षा हो सकती है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि इस तरह की चरम मौसमी घटनाओं (बाढ़, सूखा, चक्रवात) में बढ़ोतरी की आशंका है। चूंकि आम तौर पर आपदाओं का खामियाजा लोगों को ही भुगतना पड़ता है, इसलिए अब राज्य सरकारों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वे आपदा प्रभावित लोगों को नीतिगत चर्चा में शामिल करें और इस पर ध्यान दें कि उनकी बेहतर सुरक्षा कैसे की जाए।

# जोखिम लेने से विदेशी निवेशक क्यों कर रहे परहेज

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य के लिए उसकी मुद्रा की कीमत का कम होना अच्छा नहीं माना जाता है। वहीं, रुपये में आ रही कमजोरी को जल्दबाजी में रोकने की कोशिश करना भी सही नहीं है, क्योंकि नीतिगत दरों में बढ़ोतरी से महंगाई पर कुछ हद तक लगाम लगाई जा सकती है, लेकिन इससे निवेश, ऋण वृद्धि, रोजगार सृजन आदि में कमी आ सकती है।बढ़ती ब्याज दर के दौर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जोखिम लेने से परहेज कर रहे हैं और भारत से अपना पैसा निकालकर डॉलर में निवेश कर रहे हैं। नतीजतन रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। इसके साथ, बैंक भी डॉलर की लगातार लिवाली कर रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों से डॉलर के मुकाबले रुपया निरंतर कमजोर होता जा रहा है। 22 जून को डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे घटकर 78.39 के निचले स्तर पर बंद हुआ था। 20 जून को रुपया 78.08 पर और इससे पहले 13 जून को रुपया 78.28 के निचले स्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 78.75 के निचले स्तर पर आ गया। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल एफपीआई ने 2.08 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की और रोजाना 2,200 करोड़ रुपये की बिकवाली की। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से एफपीआई प्रतिदिन 4,500 करोड़ रुपये की बिकवाली कर रहे हैं। केंद्रीय बैंक रुपये की कमजोरी थामने की निरंतर कोशिश कर रहा है, पर उसे अभी तक कुछ खास




सफलता नहीं मिली है। 15 जून को अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में 75 आधार अंकों की बढ़ोतरी की थी और कहा जा रहा है कि जुलाई में प्रस्तावित अगली बैठक में भी फेडरल रिजर्व ब्याज दर में बढ़ोतरी कर सकता है। वर्ष 2022 में अब तक फेडरल रिजर्व ब्याज दर में 150 आधार अंक का इजाफा कर चुका है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने भी 16 जून को ब्याज दर में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि की है, जो विगत 13 वर्षों में सबसे अधिक है। यूरो जोन में महंगाई दर 40 साल के रिकॉर्ड को तोड़कर आठ प्रतिशत से ऊपर के स्तर पर पहुंच गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हालिया मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत का इजाफा किया है। इसके पहले, मई के प्रथम सप्ताह में केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दर में 0.40 की बढ़ोतरी की गई थी। रेपो दर में ताजा बढ़ोतरी के साथ यह बढ़कर 4.90 प्रतिशत पर पहुंच गई है। रेपो दर में वृद्धि के बाद बैंक उधारी दरों में बढ़ोतरी कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने 15 जून को उधारी दर में 20 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। रुपये में कमजोरी आने से लोगों की खरीदने की क्षमता घट जाती है। मौजूदा परिदृश्य में भारत के लोगों की क्रय शक्ति कम हो गई है। ऐसी अवस्था में लोगों की कमाई कम नहीं होती है, लेकिन मुद्रा की कीमत कम हो जाने की वजह से लोगों को किसी वस्तु को खरीदने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं, जिसके कारण वे न तो जरूरत के सामान खरीद पाते हैं और न ही बचत कर पाते हैं। साथ ही, आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ने लगती हैं। उत्पादन और विकास दर, दोनों में गिरावट दर्ज की जाती है। रोजगार सृजन बंद हो जाता है और लोगों के हाथों से रोजगार फिसलने लगते हैं। महंगाई की वजह से विविध उत्पादों की मांग में कमी आ जाती है और मांग में कमी आने से कल-कारखानों को उत्पादन घटाना पड़ता है, जिसके कारण कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ता है और लंबी अवधि तक नकारात्मक स्थिति बनी रहने से कंपनियां बंद भी हो जाती हैं। वास्तव में वर्ष 1960 से भारत में कच्चे तेल की खपत में तेजी आने लगी, क्योंकि विकास के विविध मानकों को गतिशील रखने के लिए देश में ज्यादा कच्चे तेल की जरूरत थी। वर्ष 1965 तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपये की कीमत को पाउंड में मापा जाता था, जबकि वर्ष 1966 से अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपये को डॉलर के बरक्स मापा जाने लगा। वर्ष 1966 में एक डॉलर की कीमत 7.5 रुपये थी, जो अब 80 पहुंचने के कगार पर है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य के लिए उसकी मुद्रा की कीमत का कम होना अच्छा नहीं माना जाता है। वहीं, रुपये में आ रही कमजोरी को जल्दबाजी में रोकने की कोशिश करना भी सही नहीं है, क्योंकि नीतिगत दरों में बढ़ोतरी से महंगाई पर कुछ हद तक लगाम लगाई जा सकती है, लेकिन इससे निवेश, ऋण वृद्धि, रोजगार सृजन आदि में कमी आ सकती है, जो विकास की गति को तेज करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# क्या है वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, सही शैक्षणिक संस्थान चुनने में कैसे करती है मदद..............

साल 1990 में अपना पहला इंडस्ट्री लीडिंग रिसर्च करने के बाद से, "ए एक उच्च शिक्षण संस्थान की ताकत को रेखांकित करने के लिए सिस्टमेटिकल विश्लेषण और तुलनात्मक डेटा संग्रह के तरीकों को विकसित करने काम कर रहा है। साल 2004 में शुरू हुई "ए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, दुनिया भर में उच्च शिक्षण संस्थानों की संपूर्ण विषयों और यूनिवर्सिटी एक्टिविटीज रैंकिंग का एक वार्षिक प्रकाशन है। कंपनी की ये जानी-मानी शोध योजना, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग मुख्य रूप से दुनिया भर के विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन करती है और टॉप की कुछ ऐसे विश्वविद्यालयों का नाम आगे करती है, जो 51 विभिनन्‍कोर्सेज की शिक्षा के साथ-साथ 5 फैकल्टी एरिया में काफी अच्छे होते हैं। दुनिया में सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली विश्वविद्यालयों की रैंकिंग प्रकाशन, "ए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एशिया, लैटिन अमेरिका, उभरते यूरोप, मध्य एशिया और अरब क्षेत्र सहित दुनिया भर के विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन करके उनको रैंक देने का काम करती है। क्यूएस (ए) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग क्यों अब बात आती है कि आखिर क्यूएस (ए)वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग सिस्टम को ही क्यों चुना जाए. तो इसके कई कारण है, जो ये साबित करते हैं कि क्यूएस (ए) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बेस्ट है। क्यूएस रेटिंग सिस्टम का वैश्विक प्रभाव एक शैक्षणिक संस्थान को उनकी उपलब्धियों और काम करने के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त करने में मदद करने के साथ-साथ, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों और सर्वोत्तम शिक्षण तरीकों का इस्तेमाल करने में एचईआई (प्रुपि ुमैदह ग्हेूलूदह) की भी सहायता करती है। लगातार विकसित हो रही शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए, ऐसे कई कारण है, जो क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के महत्व को बताते हैं। उनमें से कुछ कारणों के बारे में यहां पर बताया गया है। क्वालिटी की गारंटी हर कोई ये चाहता है कि वो जो भी वस्तु ले रहा है, वो अच्छी क्वालिटी का हो और खासकर उच्च शिक्षा प्राप्त करते समय वो इस बात पर ज्यादा ध्यान देता है. क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बेहतर भविष्य के लिए ऐसे ही शिक्षण संस्थान का मूल्यांकन करती है, जो बेहतर क्वालिटी की शिक्षा प्रदान करते हो. एक शैक्षणिक संस्थान और उसके शिक्षण की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए, रेटिंग प्रणाली छात्रों की प्रतिक्रिया, छात्र अनुपात के लिए फैकल्टी, डिग्री पूर्ण होने की दर जैसे विभिनन्‍तरीकों को अपनाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबादः 15 वर्षीय किशोर की कोरोना से मौत लग चुके थे टीके के दोनों डोज

**नोएडा।** कोरोना संक्रमण की चपेट में आए मोदीनगर के 15 वर्षीय किशोर की मेरठ के सुभारती कॉलेज में मौत हो गई। इलाज के दौरान मंगलवार की रात किशोर ने दम तोड़ दिया। किशोर को टीके के दोनों डोज लग चुके थे। कोरोना संक्रमण की चपेट में आए मोदीनगर के 15 वर्षीय किशोर की मेरठ के सुभारती कॉलेज में मौत हो गई। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि किशोर को एक सप्ताह पहले बुखार हुआ था। परिजन उसे पहले मोदीनगर में ही एक निजी अस्पताल में ले गए थे, लेकिन हालत गंभीर होने पर पांच दिन पहले मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान मंगलवार की रात किशोर की मौत हो गई। किशोर को टीके के दोनों डोज लग चुके थे। इसके पहले चार फरवरी को नेहरू नगर निवासी 88 वर्षीय बुजुर्ग की संतोष अस्पताल में मौत हुई थी। कोरोना संक्रमण कम होने के बावजूद भी किशोर की मौत से स्वास्थ्य विभाग परेशान है।

### पत्नी को चाकू से गोद थाने पहुंचा 65 साल का बुजुर्ग

**गाजीयाबाद।** मैं अपनी पत्नी का खून करके आया हूं, मुझे जेल भेज दो, 44 साल से क्लेश चल रहा था, आज खत्म कर दिया मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे नंदग्राम थाने पहुंचे 65 साल के अब्दुल रऊफ ने खून से सना चाकू दिखाते हुए यह कहा तो पुलिसवाले भौंचक्के रह गए। पुलिस उसे साथ लेकर हिंडन विहार में उसके घर पहुंची तो पता चला कि उसने चाकू से चार प्रहार कर 62 साल की पतनी रईसा को लहूलुहान कर दिया है। बेहद गंभीर हालत में बेटों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। मूलरूप से बागपत के लुहारी सराय के निवासी रऊफ ने पुलिस पूछताछ में बताया, शादी के 44 साल बाद भी रईसा मेरा कहा नहीं मानती, मायके वालों के कहे में रहती है। सुबह करीब दस बजे मायके जाने की जिद करने लगी, मना करने पर भी नहीं मानी तो उसे चाकू से गोद दिया। मरा समझकर छोड़ा था, पता नहीं कैसे बच गई। पुलिस ने बताया कि रईसा पर पांच वार किए गए। दो गर्दन और तीन पेट में। बेटे इरफान ने रईसा को पटेल नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया।

# मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 22 जून से 1 जुलाई तक उत्तर प्रदेश यूथ बॉक्सिंग खिलाड़ियों का शिविर किया जा रहा आयोजित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में उप क्रीडाधिकारी अनीता नागर ने जानकारी देते हुये बताया



कि गौतम बुद्ध नगर के मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 22 जून से 1 जुलाई तक उत्तर प्रदेश यूथ बॉक्सिंग खिलाड़ियों का शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे उत्तर प्रदेश के 52 बॉक्सिंग खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनकी ट्रेनिंग सुबह शाम लगातार चल रही है। उन्होंने बताया कि विगत दिवस जिला पंचायत सदस्य एवं उपाध्यक्ष देव भाटी ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और खिलाड़ियों को आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया की सभी खिलाड़ी चेनन्ई में होने वाली बॉक्सिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग तथा बालक व बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। बॉक्सिंग प्रशिक्षक ने देव भाटी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विपिन भाटी, निशांत तोंगड़, मोहित भाटी उपस्थित रहे।

# औषधि निरीक्षक बागपत द्वारा आज रोटरी ब्लड बैंक, सेक्टर 30 का किया गया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर के निर्देशों के क्रम में औषधि निरीक्षक बागपत द्वारा आज रोटरी ब्लड बैंक, सेक्टर 30



का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्लड स्टोरेज संबंधित सभी उपकरण एवं अभिलेखों की जांच की गई। औषधि निरीक्षक द्वारा निरीक्षण में 2 ब्लड बैग में ब्लड का कुल वजन, हीमोग्लोबिन की जांच मौके पर ही करवाई गई जोकि सही पाई गई। मौके पर 6 ब्लड अनटेस्टेड पाए गए जिन्हें आज ही टेस्ट करने के लिए निर्देश दिए गए। ब्लड बैंक को आत्यनुधिक उपकरणों द्वारा संचालित किया जा रहा है। डॉक्टर अमित गुप्ता द्वारा भी बताया गया कि 2021 से अब तक ब्लड बैंक को कुल 7432 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ है। ब्लड डोनेशन पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष बढ़ा है। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया है की ब्लड बैंक को कंपोनेंट अनुमति दिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसके लिए ब्लड बैंक को तकनीकी इक्विएंट व प्रोसीजर को भारत सरकार की संस्था सीडीएससीओ को प्रस्तुत करने पर भारत सरकार व राज्य सरकार के ड्रग ऑथोरिटी द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद ब्लड बैंक को पीआरबीसी कंपोनेंट की अनुमति मिल जायेगी।

# इंतजार खत्म आज से झमाझम बारिश के आसार, पूर्वी भारत में आफत बने बदरा.............

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर के लोगों को तपती गर्मी से बृहस्पतिवार या फिर 1 जुलाई को राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून 30 जून या 1 जुलाई को दिल्ली में दस्तक दे सकता है। दिल्ली और आसपास के कुछ इलाकों में



मंगलवार की शाम हल्की बारिश ने दो दिन से 40 डिग्री से अधिक तापमान से राहत दिलाई है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामनी ने मंगलवार को कहा, 30 जून को दिल्ली में अच्छी बरसात होने के आसार हैं। इसे ही दिल्ली में मानसून की दस्तक माना जा सकता है। मानसून के अगले 24 घंटे में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में भी आगे बढ़ने के लिए अनुकूल स्थितियां बन रही है। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में पूर्वी हवाओं, नमी और संवहनी गतिविधि में वृद्धि हुई है।उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के शेष हिस्सों में अगले 48 घंटों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। मौसम विभाग ने 30 जून के लिए मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। इसके बाद 1 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी का अधिकतम तापमान घटकर 33-34 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। दिल्लीवासियों ने मंगलवार को मौसम की मार झेली। सूरज के तपिश से अधिक उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मंगलवार सामान्य से चार डिग्री अधिक 41.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बीते चार सालों में सबसे गर्म रहा। इससे पहले 2019 में पारा 41.1 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 45 से 74 फीसदी रहा। वहीं, दिल्ली के अधिकांश इलाकों में भी पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में ही मौसम करवट लेना शुरू कर देगा। बादल छाए रहने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हल्की बारिश भी हो सकती है। इसे लेकर विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। अधिकतम पारा 42 व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। वहीं विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए तेज बारिश की संभावना जताई है। मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने और आंधी में 16 लोगों की मौत हो गई। पूर्वी चंपारण जिले में चार, भोजपुर और सारण में तीन-तीन, पश्चिम चंपारण और अररिया में दो-दो और बांका और मुजफ्फरपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक पीडित के परिवारों के लिए चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

# दिल्ली वासियों को उमस और गर्मी से जल्द मिलेगी राहत, बस पहुंचने ही वाला है मानसून

**नई दिल्ली।** मानसून 30 जून से एक जुलाई के बीच दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर और उत्तर भारत के बड़े हिस्से में पहुंच



जाएगा। दिल्ली से पहले मानसून उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हिस्सों से होते हुए हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर पहुंचेगा। राजधानी दिल्ली में रहने वालों को उमस और गर्मी की चिपचिपाहट से बस राहत मिलने ही वाली है। बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे दिल्लीवासियों के लिए खुश खबरी है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून अब बस दिल्ली पहुंचने ही वाला है। इसके बाद बारिश के फुहारों में दिल्ली की उमस भरी गर्मी गायब हो जाएगी। विभाग ने बताया कि मानसून 30 जून से एक जुलाई के बीच दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर और उत्तर भारत के बड़े हिस्से में पहुंच जाएगा। दिल्ली से पहले मानसून उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हिस्सों से होते हुए हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर पहुंचेगा। उम्मीद है कि मानसून के आने से दिल्ली के अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी और यह करीब छह डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाएगा। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मालूम हो कि बीते कुछ दिनों से दिल्ली का तापमान लगातार 40 डिग्री बना हुआ है, जिसके कारण आम जनजीवन का गर्मी से बुरा हाल है हालांकि, मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि बुधवार को भी राजधानी में हल्की बारिश हो सकती है। इससे उमस बढ़ सकती है, लेकिन गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बता दें कि साल 2021 में मानसून मौसम विभाग की संभावित तारीख से 10-15 दिन की देरी से पहुंचा था। इसके इंतजार में लोगों का बुरा हाल हो गया था। इस बार भी विभाग ने 27 जून की तारीख दी थी, लेकिन मानसून को आने में लगातार देरी हो रही है। ऐसे में लोगों को पिछले साल की तरह ही मानसून के देर से आने का डर सता रहा है।

# अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिशन्र आलोक सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस गौरव चन्द



आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 व रवि जायसवाल आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 द्वारा कोंडली में चेकिंग के दौरान सुपर स्प्लेंडर बाईक वाहन संख्या- 24 से 24 केन किंगफिशर दिल्ली राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य के साथ 2 अभियुक्त सुमित पाल पुत्र भोपाल सिंह व कपिल कुमार पुत्र सतीश कुमार को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया तथा गौरव चन्द आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 व रवि जायसवाल आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 द्वारा कोंडली में चेकिंग के दौरान हीरो प्रो मोटरसाइकिल वाहन संख्या- 2746 से 6 बोतल ब्लेंडर प्राइड व 4 बोतल रॉयल स्टैग ब्राण्ड की विदेशी शराब के साथ एक अभियुक्त अविजीत कुमार कुंडू पुत्र साईवाल कुमार कुंडू को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इसी प्रकार बलराम सिंह आबकारी निरीक्षक द्वारा परी चैक गोल चक्कर पर एक आई 10 कार से 24 कैन बियर दिल्ली राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य बरामद की गई और अभियुक्त गौरव पुत्र सूर्य कांत निवासी चांदनी चैक दिल्ली को गिरफ्तार कर थाना बीटा 2 में मुकदमा पंजीकृत कराते हुये वाहन आई 10 1733 को जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# दिल्लीः मंगोलपुरी और राज पार्क की दो फैक्टरियों में आग से हड़कंप, फिलहाल काबू में हालात

**नई दिल्ली।** में बुधवार को दो स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई हैं। पहले तो मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र के फेज 1 में सफल डेयरी के पास स्थित एक फैक्टरी में आग लग गई। उसके बाद राज पार्क स्थित एक गोदाम में आग लग गई। राजधानी दिल्ली में बुधवार को दो स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई हैं। पहली घटना मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र और दूसरी राज पाक में हुई। दिल्ली फायर सर्विस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उन्हें तड़के करीब तीन बजे सूचना मिली कि मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र के फेज 1 में सफल डेयरी के पास स्थित एक फैक्टरी में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की 26 गाडि़यां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। किसी के हताहत की सूचना नहीं है। वहीं दूसरी ओर राज पार्क स्थित एक गोदाम में आग लग गई। इस गोदाम में जूते साफ करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रसायन को स्टोर किया गया था। शॉर्ट सर्किट होने के कारण गोदाम में आग लग गई। यहां घटना के वक्त केवल गार्ड मौजूद था। जैसे ही आग की सूचना मिली, दमकल की 12 गाडि़यां मौके पर पहुंचीं और आग को नियंत्रित किया।



# बीते 24 घंटे में 874 नए मामले, एक महीने बाद फिर बढ़ा मौत का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** बीते 24 घंटे में 32188 लोगों ने टीके की खुराक ली है। सक्रिय मरीजों की संख्या 4482 व कंटेनमेंट जोन 385 हैं। राजधानी में बीते 24 घंटे में कोरोना से मौत का आंकड़ा बढ़ा है। मंगलवार को 874 नए मामलों के साथ चार मौतें दर्ज की गई हैं। इससे पहले 25 मई को चार मौतें हुई थी। नए



मामले मिलने के साथ संक्रमण दर 5.18 फीसदी पर है। वहीं, 941 मरीजों ने कोरोना का हराया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, बीते एक दिन में 874 टेस्ट किए गए हैं। इसमें से 10502 आरटीपीसीआर व 6364 एंटीजन टेस्ट हुए हैं। होम आइसोलेशन में उपचाराधीन मरीज 3354 हैं, वहीं अस्पतालों में भर्ती मरीजों का आंकड़ा 292 है। इसमें से 78 मरीज आईसीयू, 83 मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट व वेंटिलेटर पर 17 मरीज भर्ती हैं।

# सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव को दी जन्मदिन की बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्टीय महासचिव एवं राज्य सभा



सांसद राम गोपाल यादव का 76 वां जन्म दिन समाज वादी पार्टी द्वारा धूमधाम से मनाया गया। समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश यादव व सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने पार्टी नेताओं के साथ दिल्ली स्थित उनके आवास पर गुलदस्ता व पौधा भेंटकर उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने जन्म दिन पर शुभकामनायें देने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी ने उनके स्वस्थ और लंबी उम्र की कामना की साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की वह ऐसे ही हमेशा गरीब ,मजदूर, किसान,नौजवान की आवाज को बुलंद करते रहें।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, मुकेश यादव, प्रमोद यादव मौजूद रहे।

# केजरीवाल का एलानः 30 सितंबर तक मिलेगा मुफ्त राशन, यातायात सुविधा सुधारने के लिए खरीदी जाएंगी 1950 बसें

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में मुफ्त राशन की योजना 30 सितंबर तक बढ़ाने का एलान किया है। इसके साथ केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के मौसम और लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक और वातानुकूलित बसें खरीदी गई




ही लोगों की सहूलियत के लिए 1950 बसें खरीदने की तैयारी की है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के गांवों को विकसित करने के लिए हमने कुछ साल पहले कुछ योजनाएं शुरू की थीं, लेकिन कुछ बाधाएं थीं। अब हमने तय किया है कि विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांवों के लिए बजट किसी भी तरह से खर्च किया जा सकता है। हैं। आज हुई कैबिनेट बैठक के दौरान हमने 1950 बसें खरीदने पर सहमति जताई है। वर्तमान में हमारे पास 7,200 बसें हैं। दिसंबर 2024 तक दिल्ली की सड़कों पर 11,910 बसें चलेंगी। हम परिवहन क्षेत्र को आधुनिक बनाने की कोशिश कर रहे है, ताकि यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। हम परिवहन के विभिन्न साधनों को एकीकृत करना चाहते हैं।

# दिल्लीः हवाई अड्डे से विदेशी महिला गिरफ्तार, कुर्ते के बटन से 13.26 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद

**नई दिल्ली।** महिला की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने एक बैग देखा जिसमें 11 कुर्ते थे। सभी कुर्तों में बेतरतीब ढंग से बड़े-बड़े बटन सिले गए थे। उन बटनों के अंदर से 947 ग्राम कोकीन बरामद किया गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से बुधवार सुबह लाइबेरिया की एक महिला को सीमा शुल्क विभाग द्वारा गिरफ्तार किया गया। विभाग ने बताया कि महिला पर 13.26 करोड़ रुपये की कोकीन तस्करी का आरोप है उन्होंने बताया कि उक्त महिला यात्री को रविवार को इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा से दिल्ली आने के बाद रोका गया था। महिला की तलाशी के दौरान सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक बैग देखा जिसमें 11 कुर्ते थे। आश्चर्य की बात यह है कि उन सभी कुर्तों में बेतरतीब ढंग से बड़े-बड़े बटन सिले गए थे। उन्होंने बताया कि कुल 272 बटन थे जो इस डिजाइन के थे कि उन्हें खोलकर उनमें कुछ रखा भी जा सकता है। उन बटनों के अंदर से 947 ग्राम कोकीन बरामद किया गया। लाइबेरियाई पासपोर्ट धारक आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से मिले ड्रग्स को भी जब्त कर लिया गया है।



## जब बयान के कारण बवाल में फंसे कई सितारे लिस्ट में माधवन से लेकर महेश बाबू तक शामिल

**नई दिल्ली।** अपनी फिल्म को हिट कराने के लिए सितारे दिन-रात एक कर देते है। रिलीज से पहले वह जमकर प्रमोशन करते है। अपने अनुभव साझा करते है और वह तमाम पैंतरे आजमाते है, जो उन्हें बॉक्स-ऑफिस पर सफलता दिला सकें। कुल मिलाकर वह हर हाल में दर्शकों और अपने फैंस का दिल जीत लेना चाहते है, ताकि सिनेमाघर तक उन्हें खींचने में कामयाब हों। हालांकि, कई बार अति उत्साह में वह कुछ ऐसा कर जाते है कि मामला उल्टा पड़ जाता है। बना-बनाया माहौल बिगड़ जाता है और तारीफ की बजाय वह ट्रोलिंग का शिकार हो जाते है। इसका हालिया उदाहरण आर. माधवन है। अपनी आगामी फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' के प्रमोशन में माधवन ने दिन-रात एक कर दिया है। लेकिन, हाल ही में वह अपने एक बयान को लेकर ट्रोल्स के निशाने पर आ गए। उन्होंने प्रमोशन के दौरान कहा, 'इसरो ने अपने मिशन मंगल के दौरान पीएसएलवी ण-25 रॉकेट लॉन्च करने और उसे मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचने के लिए हिंदू पंचांग की मदद ली थी।' उनका यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा और लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। वैसे, माधवन से पहले भी कई स्टार्स फिल्म प्रमोशन के दौरान अपने बयान और एक्शन से ट्रोल हो चुके है।

# भरत की इस हरकत से परेशान होकर ईशा ने जड़ दिया था थप्पड़ फिर 10 साल बाद मुकम्मल हुआ


**नई दिल्ली।** इश्कबॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल को अपने फिल्मी करियर में तो इतनी सफलता नहीं मिली लेकिन वह अपने निजी जीवन में काफी सफल हैं। उनकी लव स्टोरी किसी फिल्म कहानी से कम नहीं है। ईशा देओल ने 29 जून 2012 को अपने बचपन के प्यार से शादी की। शादी के बाद ईशा ने अपने फिल्मी करियर को भी अलविदा कह दिया और आज उनकी शादी को 10 साल पूरे हो गए हैं। ऐसे में चलिए आपको बताते हैं ईशा और भरत तख्तानी की लव स्टोरी। ईशा और भरत तख्तानी की पहली मुलाकात तब हुई थी, जब दोनों 13 साल के थे। दोनों अलग-अलग स्कूल में पढ़ते थे, लेकिन इंटर स्कूल कंपटीशन के दौरान दोनों की मुलाकात हो जाती थी। कहा जाता है कि भरत तभी से ही ईशा पर दिल हार बैठे थे। ईशा ने अपना नंबर टिश्यू पेपर पर लिखकर दिया था, जिसके बाद दोनों की काफी बात होती थी। एक बार इंटरव्यू में भरत से जब पूछा गया कि उन्हें ईशा में क्या पसंद आया, तो उन्होंने कहा था कि ईशा हमेशा फ्रेश नजर आती थीं। बचपन स ही ईशा पर मेरा क्रश था और



हम दोनों एक दूसरे को पसंद भी करते थे। ईशा और भरत दोनों अच्छे दोस्त बन गए थे, लेकिन दिन भरत ने कुछ ऐसा किया कि वह ईशा को एकदम पसंद नहीं आया और उन्होंने थप्पड़ जड़ दिया। दरअसल, भरत ने ईशा का हाथ पकड़ने की कोशिश की थी, जिस पर ईशा ने भरत को थप्पड़ मारा और कहा कि तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई मेरा हाथ पकड़ने की? ईशा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि हम इन-मैच्योर थे और मैंने कई वर्षों तक भरत से बात नहीं की थी। हालांकि भरत ईशा की बहन अहाना के दोस्त हुआ करते थे और फिर 10 साल बाद एक दिन दोनों की दोबारा मुलाकात हुई। ईशा और भरत 10 साल बाद कनाडा के नियाग्रा फॉल्स पर हुई थी। उस वक्त भरत ने ईशा से पूछा था कि क्या वह अब उनका हाथ पकड़ सकते हैं, तो ईशा ने उन्हें हां कहा और फिर दोनों कभी अलग नहीं हुए। इसके बाद भरत की मुलाकात हेमा मालिनी और धर्मेंद्र से हुई। हेमा मालिनी को पहली बार में ही भरत पसंद गए थे। धर्मेंद्र ने करीब एक घंटे तक भरत से बात की और फिर वह संतुष्ट हो गए थे। इस सबके बाद 2012 में दोनों की शादी हो गई। ईशा और भरत के घर शादी के पांच साल 20 अक्तूबर 2017 बाद बेटी राध्या का जन्म हुआ। इसके बाद 10 जून 2019 को उनकी दूसरी बेटी मियारा तख्तानी का जन्म हुआ। ईशा अपने बच्चों को लेकर कहती हैं कि मम्मा को हमारे (ईशा और अहाना) लिए कुछ भी करना बहुत पसंद था। अब जब मैं भी एक मां हूं को मुझे भी अपने बच्चों का हर काम करना बेहद पसंद है।

# उदयपुर हत्याकांड पर भड़के अनुपम खेर-विवेक अग्निहोत्री, कंगना बोलीं- नहीं देख सकती वीडियो

**नई दिल्ली।** राजस्थान के उदयपुर में भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के विवादित बयान का कथित रूप से समर्थन करने पर एक शख्स की गला रेत कर हत्या कर दी गई। ही मौत हो गई, जबकि उसके एक साथी को इलाज के लिए एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के साथ सेलेब्स में भी आक्रोश देखने







घटना मंगलवार की है। जानकारी के मुताबिक, यह हत्या दो मुस्लिम युवकों ने की है जो कपड़े का नाप देने के बहाने कन्हैयालाल की दुकान पर पहुंचे थे और बाद में उस पर धारदार हथियार से वार कर दिए। इस हमले में शख्स की मौके पर को मिल रहा है। इस हत्या पर बॉलीवुड के कई कलाकारों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। द कश्मीर फाइल्स के डायरेक्टर विवेक रंजन अगिन्होत्री को उनके बेबाक बयानों की वजह से भी जाना जाता है। वह अक्सर मुखरता से अपनी बात को लोगों के सामने रखते हैं। उदयपुर की घटना पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट किया, 'एक सच्चा हिंदू बनना और हिंदू-स्थान में जीवित रहना असंभव होता जा रहा है। जीवित रहने के लिए या तो अर्बन नक्सल बनें या गुमनाम हो जाएं या मारे जाएं। रालिव, गैलिव, चालिव।' बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार अनुपम खेर ने भी इस हत्या पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने केवल तीन शब्दों में इस हत्या पर दुख के साथ अपनी नाराजगी भी जताई है। उन्होंने ट्वीट किया, 'भयभीत...उदास...नाराज।' उनके इस ट्वीट पर लोगों के रिएक्शन आने भी शुरू हो गए हैं। एक्टर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए यूजर्स दोनों आरोपियों को जल्द से जल्द कानूनी सजा देने की मांग कर रहे हैं। इस घटना पर एक्ट्रेस कंगना रणौत भी भड़क उठी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी के जरिए अपना गुस्सा व्यक्त किया है। उन्होंने एक तस्वीर लगाई है जिसमें मृतक के साथ लिखा हुआ है, 'नुपुर शर्मा का समर्थन करने के लिए इस शख्स की गला काटकर हत्या कर दी गई। हत्यारे जबरदस्ती दुकान में घुसे और नारे लगाने लगे। यह सब खुदा के नाम पर किया गया।' अपनी दूसरी स्टोरी में उन्होंने हत्यारों की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'हत्या के बाद दोनों ने इस तरह के पोज दिए और वीडियो भी बनाई। इन वीडियोज को देखने की मेरी हिम्मत नहीं हो रही। मैं सनन हूं।'बीते महीने एक न्यूज डिबेट के दौरान नुपुर शर्मा ने पैंगम्बर मोहम्मद पर विवादित बयान दे दिया था। उनके इस बयान पर खूब हंगामा मचा। बाद में उन्हें भाजपा के प्रवक्ता के पद से हटा दिया गया था, साथ ही उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया था।

# बॉक्स ऑफिस पर 'जुग जुग जियो' का कमाल


**नई दिल्ली।** वर्ल्डवाइड इतनी हुई 'भूल भुलैया 2' और 'केजीएफ 2' की कमाईहाल ही में रिलीज हुई 'जुग जुग जियो' से लेकर अप्रैल में आई 'केजीएफः चैप्टर 2' तक कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही हैं। एक तरफ जहां




वरुण धवन की 'जुग जुग जियो' धमाल मचा रही है। वहीं दूसरी तरफ कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 2' और यश की 'केजीएफ 2' की वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से विदाई हो गई। जी हां, प्रशांत नील की फिल्म 75 दिनों तक दुनिया भर में कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़ने के बाद अब विदेशों से उतर गई है। इसकी कुल कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। आइए जानते हैं केजीएफः चैप्टर 2 ने आखिरकार अब तक कितने करोड़ कमा लिए हैं। पढ़िए अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री कियारा आडवाणी स्टारर फैमिली ड्रामा फिल्म 'जुग जुग जियो' वीकडेज में भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, फिल्म ने मंगलवार को 10 प्रतिशत से भी कम की मामूली गिरावट दर्ज करते हुए 4.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। यानी अब 'जुग जुग जियो' का पांच दिन का कुल कलेक्शन 46.25 करोड़ रुपये हो गया है। ट्रेड एनालिस्ट की मानें तो फिल्म अपने पहले सप्ताह के अंत तक कुल 53 करोड़ रुपये का कारोबार कर लेगी। नवीनतम अपडेट के अनुसार, 'केजीएफः चैप्टर 2' (हिंदी) ने विदेशों में 71 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। यानी यश की 'केजीएफ 2' ने अब तक वर्ल्डवाइड 583.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। यदि हम भारत में हुए केजीएफः चैप्टर 2 के कारोबार की बात करें तो प्रशांत नील की फिल्म ने 434.62 करोड़ (512.85 करोड़ ग्रॉस) रुपये का संग्रह कर लिया है। हालांकि, साल 2022 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली यह फिल्म सलमान खान की 'सुल्तान' का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई। जी हां, सुल्तान ने वर्ल्डवाइड 589 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं 'केजीएफ 2' 583.85 करोड़ रुपये तक का आंकड़ा ही छू पाई है। कनन्ड़ फिल्म '777 चार्ली' ने अपने 19वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 0.80 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। 10 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फिल्म ने अब तक 74.78 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। 3 जून को रिलीज हुई लोकेश कनगराज की फिल्म 'विक्रम' अपने 26वे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। कमल हासन की फिल्म के हिंदी संस्करण ने मंगलवार को 0.13 करोड़ रुपये की कमाई की है। वहीं कुल कमाई की बात करें तो विक्रम ने अकेले भारत में ही 273.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म जल्द ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी। नवीनतम अपडेट के अनुसार, भूल भुलैया 2 ने विदेशों में 43 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। जबकि भारत में, यह अब भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की इस फिल्म ने 184.32 करोड़ (217.49 करोड़ ग्रॉस) का कलेक्शन कर लिया है।

# सात वर्ष की उम्र में ही दूरदर्शन पर प्रोग्राम करने लगी थीं 'कप्पू की बुआ', अब कर रही हैं यह काम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में उपासना सिंह किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक उन्होंने हर रोल से खुद को साबित किया है। टीवी और हिंदी फिल्मों के अलावा उन्होंने क्षेत्रीय फिल्मों में भी अपनी पहचान बनाई है। वर्ष 1997 में आई फिल्म 'जुदाई' में उनका किरदार आखिर कौन भूल





सकता है? 'अब्बा डब्बा जब्बा' कहकर उन्होंने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई थी। इसके बाद शो 'सोन परी' में काली परी का किरदार हो या कपिल शर्मा शो में बुआ, उपासना अपने हर रोल से दर्शकों के दिल में उतर गईं। आज उन्हें 'टीवी की बुआ' के रूप में जाना जाता है। उपासना सिंह का आज जन्मदिन है। इस मौके पर जानते हैं एक्टिंग की दुनिया में उनका अब तक का सफर उपासना सिंह का जन्म 29 जून 1975 को पंजाब के होशियारपुर में हुआ था। यहीं से उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई की। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से ड्रामेटिक आर्ट में मास्टर की डिग्री ली। उपासना सिंह में बचपन से ही अभिनय प्रतिभा थी। यही वजह थी कि महज सात साल की उम्र से ही वह टीवी से जुड़ गई थीं। वह स्कूल की तरफ से दूरदर्शन पर कार्यक्रम किया करती थीं। वर्ष 1986 में उपासना ने राजश्री प्रोडक्शन के बैनर की फिल्म से डेब्यू किया। इसके बाद वर्ष 1988 में उन्होंने राजस्थानी फिल्म 'बाई चली सासरे' में काम किया। इस फिल्म से उन्होंने राजस्थानी सिनेमा में तहलका मचा दिया। इस फिल्म की सफलता के बाद उपासना ने राजस्थानी के अलावा पंजाबी, गुजराती, भोजपुरी समेत कई क्षेत्रीय फिल्मों में काम किया। एक बातचीत के दौरान खुद उपासना ने कहा था, ' एक वक्त था, जब मैं दिन में तीन-तीन शिफ्ट किया करती थी। उपासना सिंह ने हिंदी फिल्मों में भी अपनी अच्छी पहचान बनाई है। उन्होंने 'डर', 'लोफर', 'जुदाई', 'इश्क-विश्क', 'हंगामा', 'हलचल', 'एतराज' और 'जुड़वां-2' समेत कई फिल्मों में सपोर्टिंग किरदार निभाए हैं। वहीं छोटे पर्दे की बात करें तो 'सोनपरी', 'मायका', 'राजा की आएगी बारात' जैसे सीरियल में उन्होंने काम किया है। 'द कपिल शर्मा शो' में बुआ के किरदार में अपनी कॉमेडी से उन्होंने लोगों का जमकर मनोरंजन किया। बता दें कि वर्ष 2009 में उपासना सिंह ने टीवी एक्टर नीरज भारद्वाज से शादी की। दोनों एक साथ 'ए दिले नादान' सीरियल में काम कर रहे थे। दोनों को सेट पर ही प्यार हुआ और फिर दोनों ने शादी कर ली। उपासना सिंह के फैंस जानना चाहते हैं कि उनकी चहेती बुआ आखिर इन दिनों कहां हैं तो जवाब है-निर्देशन की दुनिया में। हाल ही में अमर उजाला के साथ हुई एक खास बातचीत में उपासना सिंह ने बताया कि वह इन दिनों बीते साल की मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ अपने बेटे को लॉन्च करने की तैयारियों में व्यस्त हैं और इस फिल्म का निर्देशन भी खुद ही करने जा रही हैं। बता दें कि उपासना सिंह अपनी मां के निधन के बाद से अपना जन्मदिन नहीं मनाती हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड फिल्मों का डंका बजाने के लिए तैयार ये अभिनेता

**नई दिल्ली।** कई कलाकार ऐसे हैं, जिनके फैन फॉलोइंग करोड़ों में हैं। उनकी फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। बीते समय में कोरोना की वजह से कई एक्टर्स की फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो सकी हैं। वहीं कुछ अभिनेताओं की कोरोना के बाद रिलीज हुई फिल्में फ्लॉप हो गई हैं। आने वाले समय में कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों की बैक टू बैक फिल्में



सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। कहा ये भी जा रहा है कि ये मूवीज कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ सकती हैं। तो आइये जानते हैं वो कौन से सितारे हैं और उनकी कितनी फिल्में आ रही हैं। किंग खान लंबे समय से पर्दे से गायब हैं। जीरो के बाद से उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। आने वाले समय में शाहरुख खान पठान और एटली की फिल्म जवान में नजर आने वाले हैं। ये सभी बिग बजट वाली फिल्में हैं। वहीं डॉन 3 को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। इन सभी फिल्मों से फैंस को काफी उम्मीद है। रणबीर कपूर की आखिरी ब्लॉकबस्टर फिल्म संजू थी, इसके बाद अब उनकी झोली में कई मूवीज हैं। आलिया भट्ट के साथ उनकी फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज के लिए तैयार है। कुछ दिन पहले शमशेरा का ट्रेलर भी आते ही इंटरनेट पर छा गया है। वहीं अभिनेता के पास एनिमल नाम की भी एक फिल्म है, जिसमें वह श्रद्धा कपूर के साथ नजर आने वाले हैं। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 इन दिनों सुपरहिट साबित हो रही है। फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इसके बाद उनकी फिल्म शदजादा रिलीज होगी। उसके बाद, उनके पास कैप्टन इंडिया, फ्रेडी और समीर विधवान की अगली फिल्म है। भले ही अक्षय कुमार पृथ्वीराज के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाल न मचा पाए हों, लेकिन इन दिनों उनकी झोली में कई फिल्में हैं। अक्षय की रक्षाबंधन अगस्त में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा उनके पास राम सेतु, बड़े मियां छोटे मियां, सेल्फी और गोरखा हैं। अभी हाल ही में हेरा-फेरी 3 की भी पुष्टि हो गई है।

# आलिया भट्ट की तरह जल्द ही मां बनना चाहती हैं राखी सावंत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। राखी की वीडियो की तरह बयान भी सोशल मीडिया पर छा जाते हैं। लेकिन अब राखी ने जो कहा है, उससे सुनकर फैंस हैरान रह गए हैं। राखी सावंत मां बनना चाहती हैं। राखी सावंत आदिल दुर्रानी को डेट



कर रही हैं। इन दिनों दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए हैं। हाल ही में, राखी सावंत और आदिल को मुंबई में स्पॉट किया गया। इस दौरान अभिनेत्री ने आलिया भट्ट की प्रेग्नेंसी न्यूज पर मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी। इस मौके पर राखी ने ये भी बताया कि वह भी जल्द ही मां बनना चाहती हैं। दरअसल, मंगलवार को राखी सावंत आदिल के साथ एक अस्पताल के बाहर स्पॉट हुईं। इस मौके पर जब पैपराजी ने उनकी तबीयत के बारे में पूछा, तो उन्होंने बताया कि वह बिल्कुल ठीक है। इस दौरान पैपराजी ने उनसे आलिया भट्ट के मां बनने पर भी सवाल किया। इस पर राखी ने कहा, 'मैं कब मां बनूंगी। मैं भी मां बनना चाहती हूं। मेरी जिंदगी में कब खुशखबरी आएगी।' इसके आगे राखी सावंत ने ये भी कहा कि अगर मैं शादी से पहले भी मां बन जाती हूं तो चलेगा। मैं प्रेगनेंसी का पता चलते ही अगले दिन शादी कर लूंगी। वैसे भी आज के समय में ऐसा चल रहा है।' गौरतलब है कि राखी सावंत की लव लाइफ हमेशा सुर्खियों में रही है। उन्होंने पहले रितेश से साल 2018 में शादी रचाई थी। हालांकि, राखी ने अपने पति रितेश से बिग बॉस 15 के घर में सबसे मिलवाया था। वह भी इस शो में बतौर कंटेस्टेंट पहुंचे थे। लेकिन शो से बाहर आने के कुछ दिनों बाद ही दोनों अलग हो गए।

# आरआरआर ने हॉलीवुड में भी जमकर मचाई धूम, इस खास अवॉर्ड के लिए बेस्ट पिक्चर कैटिगरी में हुई नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** मल्टी स्टारर इस फिल्म का लोगों को लंबे समय से इंतजार था। रिलीज के बाद इस फिल्म ने कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। आकंड़ों के मुताबिक



फिल्म ने केवल हिंदी पट्टी में 273 करोड़ का बिजनेस किया था। साउथ सुपरस्टार राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'आरआरआर' का डंका विदेश में भी बज रहा है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म देश में धमाल मचाने के बाद विदेशी सरजमीं पर देश का नाम रोशन कर रही है। दरअसल, हाल ही में हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन ने साल 2022 के मिडसीजन अवॉर्ड्स की नामांकन सूची की घोषणा की। दिलचस्प बात यह है कि इस लिस्ट में कई बड़ी हॉलीवुड फिल्मों के बीच भारत की 'आरआरआर' फिल्म भी जगह बनाने में कामयाब रही है। यह जानकारी खुद 'आरआरआर' की टीम ने अपने ट्वीटर हैंडल से दी है। 'आरआरआर' फिल्म की टीम ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से मंगलवार से फैंस को यह खुशखबरी दी है। इस ट्विटर हैंडल ने हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन की पोस्ट को रीट्वीट करते हुए लिखा, 'आरआरआर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के नामांकित देखकर खुशी हुई।' हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन मुख्य रूप से कैलिफोनिन्या में स्थित क्रिटिक्स का एसोसिएशन है। ये मिडसीजन अवाड्र्स 2022 की पहली छमाही में बनाई गई सर्वश्रेष्ठ फिल्मों की पहचान के लिए दिया जाता है। यह अवॉर्ड उन फिल्मों के लिए है जिन्हें अमेरिकी क्रिटिक्स की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। मल्टी स्टारर इस फिल्म का लोगों को लंबे समय से इंतजार था। रिलीज के बाद इस फिल्म में कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। आकंड़ों के मुताबिक फिल्म ने केवल हिंदी पट्टी में 273 करोड़ का बिजनेस किया था। इसके अलावा पूरे देश में इस फिल्म ने 772.1 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं, इसके वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 1100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है।

# 37 साल की जिंदगी को फिल्म में समेटने के लिए रणबीर ने खूब बेले पापड़ 'संजू' बनने के लिए किए ये काम

**नई दिल्ली।** संजय दत्त की बायोपिक संजू ने रणबीर कपूर के करियर को नया आयाम दिया है। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में संजय दत्त की जिंदगी




से जुड़े हर अच्छे बुरे किस्से को दिखाया गया है। 2018 में रिलीज हुई ये हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में अभिनेता रणबीर कपूर ने संजय दत्त का रोल निभाया है। इस किरदार के लिए उन्हें काफी तारीफ भी मिली थी। ये फिल्म संजय दत्त के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। संजू में रणबीर कपूर ने संजय दत्त बनने के लिए खूब मेहनत की है। राजकुमार हिरानी संजय दत्त की जिंदगी से इतने ज्यादा प्रेरित हो गए थे कि उनकी निजी जिंदगी, परिवार, पॉलिटिक्स, किस्से और कोर्ट केस सभी कुछ उन्होंने फिल्म में दिखाया है। आज इस फिल्म के चार साल पूरे हो चुके हैं। हालांकि संजय दत्त की बयोपिक की स्क्रिप्ट पढ़ने से पहले वह इस रोल के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थे। लेकिन स्क्रिपप्ट पढ़ने के बाद उन्होंने ये किरदार जितने शानदार तरीके से निभाया है शायद ही कोई और ऐसा कर पाता। संजय दत्त जैसा दिखने के लिए रणबीर को खुद को फिजिकली ट्रांसफॉर्म भी करना पड़ा था। संजय दत्त का अंदाज, उनके चलने-फिरने का स्टाइल से सभी कुछ रणबीर को कॉपी करना था। इसके लिए उन्होंने और रणबीर के स्टाइलिस्ट ने बहुत पापड़ बेले हैं। इस फिल्म के लिए पहले रणबीर को 10 किलो वजन घटाना था और फिर सेकेंड हाफ के लिए 15 किलो वजन बढ़ाना पड़ा था।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।
















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।




आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306060178, 9026359274